CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 | अंक - 244 | राजनांदगांव, मंगलवार 22 जुलाई 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने की प्रक्रिया शुरुः

## लोकसभा में 145, राज्यसभा में 63 सांसदों ने दिया नोटिस

नई दिल्ली। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उनके पद से हटाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। दिल्ली में मौजूद उनके आवास से जली हुई नकदी के बंडल मिलने के बाद विपक्ष और सत्ता पक्ष के सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को उनके खिलाफ नोटिस सौंपे हैं। यशवंत वर्मा को इस विवाद के बाद दिल्ली हाई कोर्ट से वापस इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया गया है।



### संसद में कितने सांसदों ने दिए नोटिस

लोकसभा में 145 सांसदों ने एक साथ मिलकर न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए नोटिस दिया है। इसमें विपक्ष के नेता राहुल गांधी, भाजपा के रविशंकर प्रसाद और अनुराग ठाकुर, कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल और के सुरेश, एनसीपी-एसपी की सुप्रिया सुले, डीएमके के टीआर बालू, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन और आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर जैसे कई दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं।

### राज्यसभा में 63 सांसदों ने दिया नोटिस

राज्यसभा में भी 63 सांसदों ने यही मांग उठाते हुए नोटिस दिया है। कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने बताया कि आम आदमी पार्टी और विपक्षी इंडिया गठबंधन के सांसदों ने भी इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के सांसद भले ही सोमवार को मौजूद नहीं थे, लेकिन वे भी इस मुद्दे पर साथ हैं और जल्द ही अपने हस्ताक्षर जमा करेंगे। न्यायाधीश को हटाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत प्रक्रिया तय की गई है। लोकसभा में कम से कम 100 और राज्यसभा में कम से कम 50 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं। अगर लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति दोनों नोटिस को स्वीकार करते हैं, तो एक जांच समिति बनाई जाती है। इस समिति में एक वरिष्ठ सुप्रीम कोर्ट जज, एक हाई कोर्ट के मौजूदा मुख्य न्यायाधीश और एक प्रख्यात कानून विशेषज्ञ शामिल होते हैं। यह समिति (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मैं विपक्ष का नेता, फिर भी मुझे बोलने नहीं दे रहे - राहुल गांधी

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के पहले दिन हंगामे और स्थगन के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष का नेता होने के बावजूद उन्हें लोकसभा में बोलने नहीं दिया गया। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद राहुल ने संसद भवन के बाहर संवाददाताओं से कहा, रक्षा मंत्री और सरकार के अन्य लोगों को बोलने की इजाजत है, लेकिन विपक्षी नेताओं को बोलने नहीं दिया जा रहा। मैं विपक्ष का नेता हूं, बोलना मेरा अधिकार है, मुद्दे उठाना मेरा काम है, लेकिन वे मुझे बोलने नहीं दे रहे।



### सरकार पर लगाया पक्षपात का आरोप

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एक नया तरीका अपना रही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन से चले गए। अगर वे अनुमति दें तो चर्चा हो सकती है, लेकिन मुद्दा यह है कि परंपरा कहती है कि अगर सरकार के नेताओं को बोलने की अनुमति है, तो हमें भी जगह दी जानी चाहिए। हम बोलना चाहते थे, लेकिन हमें अनुमति नहीं दी गई। इससे पहले लोकसभा में कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सदस्य ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करते हुए खड़े हो गए। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वह प्रश्नकाल के बाद सदस्यों को ऑपरेशन सिंदूर सहित सभी मुद्दे उठाने की अनुमति देने के लिए तैयार हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पद से दिया इस्तीफा, स्वास्थ्य का हवाला दिया



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। धनखड़ ने अपने इस्तीफे में लिखा, मैं स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए और डॉक्टरों की सलाह का पालन करते हुए भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं। यह इस्तीफा संविधान के अनुच्छेद 67(ए) के अनुसार है। मैं भारत की माननीय राष्ट्रपति को हार्दिक धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मुझे लगातार सहयोग और एक शांतिपूर्ण कार्य संबंध प्रदान किया। यह मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा।

### सांसदों से मिला स्नेह, विश्वास और अपनापन

उन्होंने आगे कहा, मैं माननीय प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद का भी आभार प्रकट करता हूं। प्रधानमंत्री का सहयोग मेरे लिए बेहद मूल्यवान रहा है और मैंने अपने कार्यकाल के दौरान उनसे बहुत कुछ सीखा है। धनखड़ ने कहा, मुझे माननीय सांसदों से जो स्नेह, विश्वास और अपनापन मिला, वह मेरे लिए सदा अमूल्य रहेगा और मेरी स्मृति में अंकित रहेगा। मैं इस महान लोकतंत्र में उपराष्ट्रपति के रूप में मिले अमूल्य अनुभवों और ज्ञान के लिए अत्यंत आभारी हूं।

### भारत की प्रगति का साक्षी बनना गर्व की बात

उन्होंने आगे लिखा कि इस महत्वपूर्ण कालखंड में भारत की अभूतपूर्व आर्थिक प्रगति और असाधारण विकास का साक्षी बनना और उसमें सहभागी होना मेरे लिए गर्व और संतोष की बात रही है। हमारे राष्ट्र के इस परिवर्तनकारी युग में सेवा करना मेरे लिए एक सच्चा सम्मान रहा है। जब मैं इस प्रतिष्ठित पद को छोड़ रहा हूं, तो मैं भारत के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मोदी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक, शाह और सिंह समेत कई मंत्री रहे मौजूद



नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र का पहला दिन काफी हंगामेदार रहा। सरकार और विपक्ष एक दूसरे पर तमाम मुद्दों को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगाते नजर आए। वहीं, संसद भवन में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक भी आयोजित की गई। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत कई मंत्री शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार, यह बैठक संसद सत्र को लेकर आयोजित की गई थी, जिसमें सत्र की रूपरेखा, विधायी एजेंडा और विपक्ष से संभावित रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। माना जा रहा है कि सरकार इस सत्र में कुछ अहम विधेयकों को पेश करने और पारित कराने की तैयारी में है। इस बैठक में संसद की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने और कई मंत्रालयों के समन्वय को लेकर भी विचार किया गया। हालांकि, सरकार की ओर से बैठक के एजेंडे पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)


## लोकल ट्रेन बम धमाकाः बॉम्बे हाईकोर्ट ने सभी 12 आरोपी को किया बरी

मुंबई। मुंबई लोकल ट्रेन में 11 जुलाई 2006 को बम धमाका हुआ। विस्फोट में 189 लोगों की मौत हुई। मामले में 19 साल बाद बड़ा फैसला आया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा-प्रॉसिक्यूशन आरोपियों के खिलाफ केस साबित करने में नाकाम रहा। जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की स्पेशल बेंच ने कहा कि अभियोजन पक्ष (प्रॉसिक्यूशन) द्वारा पेश सबूत आरोपियों को दोषी ठहराने के लिए निर्णायक नहीं हैं।

### सबूत दोषी ठहराने के लिए काफी नहीं

हाईकोर्ट ने कहा-अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किए गए सबूत आरोपियों को दोषी ठहराने के लिए काफी नहीं थे। अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है। यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है। इसलिए उनकी दोषसिद्धि रद्द की जाती है।

पीठ ने कहा-पांच दोषियों को दी गई मृत्युदंड और शेष सात को आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखने से इनकार करती है। उन्हें बरी करती है। कोर्ट ने कहा कि अगर आरोपी किसी अन्य मामले में वांछित नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा कर दिया जाएगा।



19 साल बाद आया बड़ा फैसला

### फैसला उम्मीद की किरण

वरिष्ठ अधिवक्ता युग मोहित चौधरी इस केस में आरोपियों की तरफ से पेश हुए। मोहित चौधरी ने कहा यह फैसला उन सभी के लिए उम्मीद की किरण है, जो सालों से न्याय का इंतजार कर रहे हैं। सरकारी वकील राजा ठकारे ने भी फैसले को मार्गदर्शक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### सुप्रीम कोर्ट में देंगे चुनौती, हाईकोर्ट से 12 आरोपियों के बरी होने पर बोले सीएम फडणवीस



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट के उस फैसले पर हैरानी जताई, जिसमें 2006 के मुंबई लोकल ट्रेन धमाकों के 12 आरोपियों को बरी किया गया। फडणवीस ने कहा, हाईकोर्ट का फैसला चौंकाने वाला है। उन्होंने कहा, हम इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। हाईकोर्ट के दो जजों की पीठ ने आज अभियोजन पक्ष को फटकार लगाते हुए गवाही से लेकर पहचान परेड की प्रक्रिया तक पर सवाल उठाए। इसके साथ कोर्ट ने हर एक दोषी को बरी करते हुए 25 हजार रुपये के निजी बॉन्ड पर रिहा करने का आदेश दिया। 2006 के मुंबई ट्रेन ब्लास्ट में 187 लोगों की मौत हुई थी। वहीं 800 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। अब बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के बाद इन धमाकों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शराब घोटालाः ईओडब्लू ने सीए समेत तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



रायपुर। शराब घोटाले मामले में ईओडब्लू ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ईओडब्लू ने पेशे से सीए संजय कुमार मिश्रा, मनीष मिश्रा और अभिषेक सिंह को गिरफ्तार किया है। संजय मिश्रा पेशे से सीए हैं और उनका नाम शराब घोटाले और कोल घोटाले से जुड़ी वित्तीय गड़बड़ियों में सामने आया है।

इन पर आरोप है कि, संजय और मनीष ने नेक्स्टजेन पावर कंपनी बनाई और एफएल 10 लाइसेंस लेकर राज्य में महंगी ब्रांडेड अंग्रेजी शराब की सप्लाई करते थे। उन्होंने घोटालों से प्राप्त अवैध धन को वित्तीय लेन-देन के जरिए वैध दिखाने का काम किया। वहीं, मनीष मिश्रा उनके भाई हैं। दोनों को पूर्व सीएम भूपेश बघेल, चैतन्य बघेल और कारोबारी अनवर ढेबर का करीबी बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, छापेमारी के दौरान घोटालों से जुड़े कई अहम दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। हालांकि ईओडब्ल्यू की ओर से इस मामले में अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। आपको बता दें कि मनीष और संजय कुमार आपस में सगे भाई हैं। संजय कुमार पेशे से चार्टड अकाउंटेंट हैं। अभिषेक सिंह पूर्व में आबकारी घोटाले के आरोपी अरविंद सिंह का भतीजा है। तीनों आरोपियों को ईओडब्लू की विशेष कोर्ट में पेश किया जाएगा। जहां से तीनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा सकती है।




## मतदाताओं ने विकास को चुना, निष्क्रिय ट्रस्टियों को दिखाया बाहर का रास्ता





### अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में सेवादल पैनल के 12 में से 10 ट्रस्टी विजयी

### साधारण श्रेणी के लिए मतगणना जारी, सेवादल के तीनों प्रत्याशी जीत की ओर अग्रसर

डोंगरगढ़ (दावा)। मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के निवर्तमान अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में सत्ताधारी दल मां बमलेश्वरी सेवा दल के 12 में से 10 ट्रस्टी ने भारी मतों से जीत दर्ज कर पुनःसत्ता प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ा लिया है। मतदाताओं ने भी विकास के नाम से मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में चुनाव मैदान में उतरे सेवा दल के सभी प्रत्याशियों का एकतरफा साथ दिया और पूरे 3 वर्ष निष्क्रिय रहे ट्रस्टियों को बाहर का रास्ता दिखाया।

मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति की नई बॉडी के गठन हेतु रविवार को पुलिस की तगड़ी सुरक्षा के मध्य मतदान संपन्न हुआ था। सोमवार को मतों की गिनती के दौरान आए परिणाम से मां बमलेश्वरी सेवादल पैनल के 12 ट्रस्टियों में से 10 ट्रस्टियों ने भारी मतों से जीत दर्ज की। इनकी जीत के साथ ही सेवादल पैनल का फिर से ट्रस्ट समिति में कब्जा हो गया है। शेष 3 ट्रस्टियों के लिए मतों की गिनती जारी है। इसमें भी सेवादल पैनल को एक तरफा जीत मिलने की संभावना बनी हुई है। इस प्रकार विपक्षी दल भैयाजी पैनल के अधिकांश प्रत्याशियों को भारी मतों से पराजय का सामना करना पड़ा। इसके पूर्व रविवार 20 जुलाई को हुए मतदान के बाद सभी श्रेणियों के लिए हुए मतदान की मत पेटियों को स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया।



### संरक्षण श्रेणी के साथ में से पांच ट्रस्टी सेवादल पैनल से चुने गए

सोमवार की सुबह 7 बजे के बाद से मतगणना का कार्य प्रारंभ हुआ। संरक्षक श्रेणी के मतपत्रों की गिनती में प्रारंभ से ही सेवा दल पैनल के प्रत्याशी व मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के निवर्तमान अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, नितिन पचेरीवाला, अनिल गड्डानी, योगेश अग्रवाल, महेंद्र भाई पटेल सभी अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से अंत तक आगे रहे और भारी मतों से जीत दर्ज की। विपक्षी दल भैयाजी पैनल की ओर से मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के पूर्व अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल, मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के संस्थापक सदस्यों में से एक पूर्व विधायक स्व. गणेश मंडल भंडारी के नाती, पूर्व ट्रस्टी बीरदीचंद भंडारी के पुत्र एवं पूर्व पार्षद हरीश भंडारी ने जीत दर्ज की।

### सेवादल पैनल के आजीवन श्रेणी के पांचों सदस्यों ने एकतरफा जीत दर्ज की

आजीवन श्रेणी हेतु सेवादल पैनल से पाचों प्रत्याशियों ने भारी मतों से जीत दर्ज की। सभी ट्रस्टी विगत अनेक वर्षों से जीत दर्ज करते आ रहे हैं। निवर्तमान ट्रस्टी संजय श्रीवास्तव सर्वाधिक 542 मत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे। पीतांबर स्वामी को 521, प्रकाश बिंदल को 494, चंद्रप्रकाश मिश्रा को 482 एवं महेंद्र परिहार को 444 मत प्राप्त हुए। विपक्षी भैयाजी पैनल के पांचों उम्मीदवार को भारी मतों से पराजय का सामना करना पड़ा। भैयाजी पैनल के पूर्व ट्रस्टी रघुवर अग्रवाल को 361, संजय यादव को 296, क्रांति टम्मी नामदेव को 226, देवेंद्र मिश्रा को 176, सोन कुमार सिन्हा को 161 एवं निर्दलीय चुनाव लड़ रहे महेंद्र अग्रवाल को 124 मत मिले। साधारण श्रेणी के मतों की गिनती का कार्य शाम को शुरू हो गया है। जिसका परिणाम देररात तक आने की संभावना जताई गई है। मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति में बम्लेश्वरी सेवादल पैनल से मनोज अग्रवाल के पुनः अध्यक्ष बनने की संभावना बनी हुई है। जिसका चुनाव सभी नवनिर्वाचित ट्रस्टियों द्वारा किया जाना है।

## चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी पर बोली ईडीः 16.70 करोड़ रुपये की अवैध कमाई को रियल एस्टेट फर्मों में खपाया

रायपुर। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल गिरफ्तारी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रेस रिलीज जारी किया है। जिसमें ईडी ने कहा कि, चैतन्य बघेल को 16.70 करोड़ रुपए मिले हैं। ईडी की जांच में यह घोटाला बढ़कर ढ़ाई हजार करोड़ रुपए हो गया है। वहीं ईडी ने इसका ब्योरा देकर 1000 करोड़ रुपये से अधिक के पीओसी को संभालने का आरोप भी लगाया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) क्षेत्रीय कार्यालय ने शराब घोटाला मामले (जो 2019 से 2022 के बीच हुआ) में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 18.07.2025 को चैतन्य बघेल, पुत्र भूपेश बघेल (छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री) को गिरफ्तार किया है। उन्हें विशेष न्यायालय (पीएमएलए), रायपुर के समक्ष पेश किया गया और माननीय न्यायालय ने 5 दिनों के लिए यानी 22.07.2025 तक ईडी की हिरासत प्रदान की है। ईडी ने छत्तीसगढ़ राज्य में शराब घोटाले में आईपीसी, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत एसीबी/ईओडब्ल्यू, रायपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की। पुलिस (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी आज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को ईडी की ओर से गिरफ्तार करने के विरोध में छत्तीसगढ़ कांग्रेस 22 जुलाई को पूरे राज्य में आर्थिक नाकेबंदी करेगी। कांग्रेसी राज्य सरकार, उद्योगपति अडानी और केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ 22 जुलाई को पूरे प्रदेश में आर्थिक नाकेबंदी करते हुए चक्काजाम करेंगे। इस संबंध में पिछले दिनों पार्टी की बड़ी बैठक में फैसला लिया जा चुका है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेसी सुबह 11 से 2 बजे तक पांच संभागों के सभी प्रमुख मार्गों राष्ट्रीय राजमार्गों एवं राजकीय राजमार्गो पर चक्काजाम कर आर्थिक नाकेबंदी करेंगे। यह आर्थिक नाकेबंदी प्रदेश की जनता की ओर से छत्तीसगढ़ के संसाधनों की लूट का प्रतिकार होगा। उन्होंने कहा कि इस नाकेबंदी से एम्बुलेंस और स्कूल वाहनों को अलग रखा गया है। हमारा उद्देश्य (शेष पृष्ठ 6 पर...)




CMYK

## पहला कॉलम...

### शराब पीकर अपने पिता को परेशान करने वाला पुत्र गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। मोहारा पुलिस ने बताया कि संतोष वर्मा पिता राम प्रसाद वर्मा उम्र 28 साल निवासी ग्राम कसारी द्वारा अपने पिता से आए दिन शराब पीने के लिए पैसा मांगने वाले पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रार्थी रामप्रसाद वर्मा पुलिस चौकी मोहारा में आकर लिखित आवेदन पेश किया कि उनका पुत्र संतोष वर्मा आए दिन शराब पीकर घर आकर वाद-विवाद, लड़ाई झगड़ा करता रहता है। जिस संबंध में मोहारा पुलिस के द्वारा अनावेदक को समझाने का प्रयास किया गया। अनावेदक के द्वारा नहीं समझने पर धारा 170,126,135(3) बीएनएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर जेल दाखिला कराया।

### पुलिस ने होटल, ढाबा में अवैध रूप से शराब पिलाने वालों पर की कार्यवाही



राजनांदगांव (दावा)। मुड़िया मोहारा पुलिस द्वारा अपने चौकी क्षेत्र के होटल ढाबा में अवैध रूप से शराब पिलाने वालो पर कार्रवाई की गई। मोहारा चौकी प्रभारी ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा अवैध शराब परिवहन, बिक्री, पीने के लिए सुविधा उपलब्ध किये जाने संबंध में संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुआ। पुलिस द्वारा गठित टीम द्वारा ग्राम ढारा से करेला के मध्य स्थित ढाबा को चेक करने पर वर्मा ढाबा, पाल ढाबा और जय वीरा ढाबा मे अवैध रूप से शराब पीने के लिए सुविधा उपलब्ध कराते हुए पाए जाने पर आरोपी राम अवतार वर्मा पिता समालिया वर्मा उम्र 35 साल निवासी ढारा पुलिस चौकी मोहारा डोंगरगढ़, उपकार सिंह भाटिया पिता अमर सिंह भाटिया उम्र 56 वर्ष निवासी बुधवारी पारा डोंगरगढ़, विनोद हठीले पिता स्वर्गीय समारू हठीले उम्र 41 साल निवासी देवकट्टा डोंगरगढ़ के विरूद्ध आबकारी एक्ट की तहत् कार्यवाही की गई।

### कल स्टेडियम समिति की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं अध्यक्ष स्टेडियम समिति डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में 23 जुलाई को सुबह 11 बजे स्टेडियम कॉन्फ्रेस हॉल में स्टेडियम समिति के संचालन हेतु स्टेडियम प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधितों को उपस्थित होने कहा गया है।

### कल लाईवलीहुड कॉलेज में कौशल तिहार

राजनांदगांव (दावा)। जिला कौशल विकास प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा कल 23 जुलाई को जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी ग्राम सांकरा-सोमनी के एसोशिएट-डेस्कटॉप पब्लिशिंग, कंस्ट्रक्शन, ग्रीन जॉब, हेल्थकेयर, प्लम्बिंग सेक्टर में कौशल तिहार 2025 का आयोजन किया गया है।

सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण ने बताया कि कौशल तिहार 2025 के आयोजन कौशल प्रतियोगिता के माध्यम से कौशल प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं को प्रोत्साहित करने एवं उनके कौशल के प्रदर्शन पर केन्द्रित है। कौशल तिहार 2025 का उद्देश्य युवाओं में कौशल के प्रति जागरूक करना तथा विजेताओं को इंडिया स्किल्स 2025 के क्षेत्रीय एवं राष्टीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है, जो वर्ल्ड स्किल्स 2026 में देश का प्रतिनिधित्व कर सके। प्रतियोगिता के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 के प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत हितग्राही, जिनकी आयु 22 वर्ष से 45 वर्ष है, वह प्रतिभागी के रूप में 22 जुलाई 2025 तक वेबसाईट https://cssda.cg.nic.in/Global/KaushalTiharEntryForm.asp पर ऑनलाईन पंजीयन कर सकते है। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों में से विजेता का चयन जिला स्तर पर प्रत्येक ट्रेड व सेक्टर एवं आयु वर्ग से 2 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा, जो राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### आज मासिक समीक्षा बैठक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में आज 22 जुलाई को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी राजस्व अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक संपन्न: ब्लड बैंक निर्माण का प्रस्ताव और सदस्य संख्या बढ़ाने पर जोर



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा राजनांदगांव की प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि रेडक्रास मानवता के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वाली संस्था है। जिले में रेडक्रास की सदस्यता बढ़ाने के लिए अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने ब्लड बैंक के निर्माण के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीएमएफ से ब्लड बैंक के लिए मशीन खरीदने के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि रेडक्रास कार्यालय के लिए भूमि एवं भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान रेडक्रास की आय बढ़ाने के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि ऐसी संस्थाएं जहां से दुकानों का किराया रेडक्रास सोसायटी के पास जमा होता है और अब किराया प्राप्त नहीं हो रहा है, उन्हें सूचित करते हुए किराए की राशि के लिए पत्र लिखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान अंतर्गत अधिक से अधिक नागरिकों को रेडक्रास सोसायटी से जुडने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने जूनियर एवं यूथ रेडक्रास गतिविधि, जिले में जनौषधि केन्द्र, निक्षय मित्र अभियान में रेडक्रास द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने रेडक्रास सोसायटी एवं गतिविधियों एवं कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रेडक्रास सोसायटी अंतर्गत मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव डॉ. नेतराम नवरतन ने जानकारी देते हुए बताया कि रेडक्रास सोसायटी अंतर्गत सुपोषण अभियान के तहत डोंगरगांव में गर्भवती माताओं एवं बच्चों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई तथा सुपोषण किट प्रदान किया गया। रेडक्रास सोसायटी की ओर से मूलचंद निर्मलकर को ईलाज हेतु वेल्लूर जाने के लिए यात्रा व्यय 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता तथा विद्या सागोड़े को किडनी के ईलाज के लिए 4 लाख रूपए की सहायता राशि एवं अन्य मरीजों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। रक्तदान शिविर, पौधरोपण, वाहन चालकों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, जिला शिक्षा अधिकरी प्रवास सिंह बघेल, सिविल सर्जन डॉ. यूके चंद्रवंशी, अशोक चौधरी, उदयाचल से अशोक मोदी, वरिष्ठ पत्रकार अशोक पाण्डेय, हलीम बख्श गाजी, सुशील जैन, श्रीमती शारदा तिवारी, श्रीमती करूणा रावटे, संजय कुमार वर्मा, विनोद ड्ढा, विनेश कुमार चोपड़ा, उमेश अग्रवाल, प्रबंधक सह जिला संगठन प्रदीप शर्मा उपस्थित रहे।

## संस्कारधानी के सर्वांगीण विकास में डॉ. रमन सिंह का योगदान स्वागतेय है - डॉ. डी.सी. जैन



राजनांदगाँव (दावा)। नगर के लोकप्रिय विधायक एवं स्पीकर तथा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की पहल पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत नगर की विभिन्न योजनाओं के लिए 63 करोड़ की राशि स्वीकृत करने के लिए श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति द्वारा मुख्यमंत्री एवं डॉ रमन सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में समिति के अध्यक्ष डॉ. डी.सी.जैन ने बताया है कि चाउंर वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध वर्तमान विधायक एवं स्पीकर डॉ रमन सिंह विगत 25 वर्षों से केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक एवं मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए राजनांदगाँव नगरीय एवं ज़िला के विभिन्न नगर एवं ग्रामों की विकास योजनाओं को मूर्त रूप दिया हैं। जिसके अंतर्गत राजनांदगाँव के अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय, एस्ट्रोटरफ़, शिवनाथ नदी तट का विकास, उच्चस्तरीय पूल और तटबंध एवं घाट का निर्माण सम्मिलित हैं। समिति की माँग पर डॉ. रमन सिंह ने शिवनाथ मोहारा में लक्ष्मण झूला की योजना को बजट में सम्मिलित किया गया है। विगत 25 वर्षों में डॉ. रमन सिंह ने जो कार्य कराये हैं उसकी पूरे क्षेत्र की जनता द्वारा सराहना की जा रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि डॉ. रमन सिंह अपने वर्तमान कार्यकाल में नगर की अनेक विकास योजनाओं को दर्शनीय स्वरूप प्रदान कर अपनी लोकप्रियता में चार चाँद लगायेंगे।

## डॉ. रमन सिंह ने टॉप 10 में स्थान पाने और ज्यादा मेहनत करने कहा



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह के आज राजनांदगांव प्रवास के दौरान महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में संस्कारधानी राजनांदगांव पूरे देश में टॉप 20 में आने तथा प्रदेश में 6वें स्थान प्राप्त करने पर उनसे सौजन्य मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। महापौर श्री यादव ने कहा कि गत स्वच्छता सर्वेक्षण में राजनांदगांव शहर भारत में 79वें स्थान पर था, परन्तु इस वर्ष 2024-25 के स्वच्छता सर्वेक्षण में 65 छलांग लगाकर 14वॉ स्थान प्राप्त किया। उक्त स्थान आपके सहयोग एवं मार्गदर्शन से प्राप्त हुआ है। उन्होंने शहर विकास के लिए 63 करोड की राशि राज्य बजट में स्वीकृत कराने पर भी डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपके मार्गदर्शन में भविष्य में शहर की तस्वीर बदलकर एक अलग छवि दिखेगी।

विधायक डॉ. रमन सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि नगर निगम की टीम की मेहनत रंग लाई और भारत में टॉप 20 में स्थान मिला। उन्होंने कहा कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप 10 मे स्थान बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त करे। इसके लिए और मेहनत करें, नागरिको को भी स्वच्छता से जोडे। उन्होंने कहा कि शहर विकास एवं स्वच्छ वातावरण देने में नगर निगम की महती भूमिका होती है, इसे ध्यान में रखकर महापौर मधुसूदन यादव के नेतृत्व में टीम वर्क के साथ कार्य करे। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत सहित स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैकी बग्गा, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समनवयक देवेश साहू उपस्थित थे।

## आत्मा अनंत शक्तिशाली है- मुनि वीरभद्र जी



जैन बगीचे के नए हाल में चल रहा है 171 उपवास पूर्वक करने वाले वीरभद्र (विराग) मुनि का प्रवचन

राजनांदगांव (दावा)। प्रख्यात जैन संत एवं मुनि विनय कुशल जी के सुशिष्य मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि आत्मा अनंत शक्तिशाली है। इसने कितने नरक झेले हैं, इसे कुछ कहा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि नरक में 84 लाख नरकावास है और हर नरकावास में जीव कम से कम 10000 साल रहता है और अनन्य दुखों को भोगता है। इस तरह चौरासी लाख नरकावास में जीव कितना दुख झेला होगा। मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि नरकावास मैं जीव बिना पानी के बिना आहार के रहता है। उन्होंने कहा कि मानव भव में आए हैं तो इसका सदुपयोग करना चाहिए। हमारा अनंत पुण्य है कि हम भारत के देश में जन्म लिए हैं और यह देश आध्यात्मिक साधनों से परिपूर्ण है। यहां आध्यात्मिकता चहुंओर है, जो हमारी साधना में हमें मदद करती है। आध्यात्मिकता से मोक्ष की प्राप्ति का रास्ता आसान हो जाता है। उत्तम कुल वाला व्यक्ति हर चीज की प्लानिंग करता है। वह समाधि मरण चाहता है, उत्तम मृत्यु या फिर ब्राह्मण मृत्यु, इसकी प्लानिंग वह पहले से ही कर लेता है। संत श्री वीरभद्र ने कहा कि हमें उपासना और तपस्या करके आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ना चाहिए। हमारी आराधना के भाव निर्मल होने चाहिए तभी हम आत्मा और शरीर के भेद को जान पाएंगे और निर्बाध गति से मोक्ष की ओर बढ़ पाएंगे। उन्होंने कहा कि मनुष्य तन को हमने प्राप्त किया है, इसलिए इसके जरिए हमारी आराधना की राह और भी आसान हो जाती है। मन में दृढ़ संकल्प लेकर हमें आराधना के रास्ते आत्म कल्याण की मार्ग की ओर बढ़ना है, ताकि हमें मोक्ष की प्राप्ति हो सके। प्रवचन के बाद इंदौर से पधारे विपिन भाई बागरेचा एवं अन्य के द्वारा सिद्धि तप के मंगल विधान को आगे बढ़ाया गया।

## छेड़छाड़ का आरोपी को पुलिस के हत्थे चढ़ा




राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर थाना क्षेत्र में एक पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि आरोपी को पकड़ कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। श्री साहू ने बताया कि उक्त घटना के संबंध में प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि गत दिनांक 12 जून को दिग्विजय कॉलेज के पास दोसा कार्नर के पीछे अपनी सहेली के साथ खड़ी थी। तभी आरोपी सतीष मरकाम आया और पीड़िता को बेईज्जत करने की नीयत से छेड़छाड़ कर अश्लील गाली गुप्तार कर उसे जान से मारने की धमकी दिया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 265/25 धारा 74, 118(1)296, 351(2) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी सतीष मरकाम पिता स्व. प्रहलाद मरकाम को सोमवार जुलाई को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जो जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी को कृत्य अपराध धारा सदर का घटित पाये जाने से उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी को जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है।

## कवर्धा शक्कर कारखाने में पीएसबी खाद बनाने का सुझाव



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पत्र लिखकर सुझाव दिया है कि कवर्धा शक्कर कारखाने से निकलने वाले वेस्ट मटेरियल का उपयोग कर पीएसबी (फास्फोरस सॉल्यूबिलाइजिंग बैक्टीरिया) खाद का निर्माण छत्तीसगढ़ में भी किया जाए।

श्री चौधरी ने बताया कि गन्ना शोध संस्थान, शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश द्वारा यह खाद गन्ने के वेस्ट मटेरियल से सफलतापूर्वक बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर खेतों में डाली जाने वाली यूरिया, पोटाश, डीएपी और जिंक का 30 से 40 प्रतिशत हिस्सा मिट्टी में निष्क्रिय अवस्था में पड़ा रहता है। पीएसबी खाद का मुख्य कार्य इसी निष्क्रिय रासायनिक खाद को सक्रिय कर पौधों तक पहुंचाना है, जिससे उनकी उपलब्धता बढ़ जाती है। अशोक चौधरी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा इसका सफल प्रयोग किया जा रहा है। यह खाद 50 किलोग्राम के पैक में मिलती है और एक एकड़ के लिए मात्र 5 किलोग्राम की आवश्यकता होती है, जिससे यह किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। उन्होंने डॉ. रमन सिंह से अनुरोध किया है कि इस महत्वपूर्ण सुझाव पर ध्यान दिया जाए और छत्तीसगढ़ के किसानों को लाभान्वित करने के लिए कवर्धा शक्कर कारखाने में पीएसबी खाद का उत्पादन शुरू किया जाए। यह सुझाव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और राजनांदगांव-कवर्धा के सांसद संतोष पांडे को भी भेजा जा रहा है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी घुमका, जिला राजनांदगांव**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र.......... बी-121 वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपेश आ. बालाराम निवासी ग्राम चारभांठा प.ह.नं. 10 तहसील घुमका जिला राजनांदगांव दादा बुधारू आ. गैंदसिंह मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 28/06/2008 को स्थान चारभाठा पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 23/07/25 तक लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेश कर सकते है बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 01/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय कि मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 01.07.2025
सुनवाई दिनांक 23.07.2025

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी घुमका, जिला राजनांदगांव**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुष्पा राजपूत पति दिनेश सिंह राजपूत निवासी ग्राम खैरझिटी पो. डुमरडीहखुर्द तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की निवासी हूं।

यह शपथ करती हूँ कि मेरी बहन की बेटी (भांजी) का नाम प्रीति सिंह (PREETI SINGH) पिता यतन सिंह है, जिसे बदलकर प्रीति राजपूत (PREETI RAJPUT) पिता यतन सिंह राजपूत रख लिया है। अत: आज से मेरी बहन की बेटी (भांजी) का नाम समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नए नाम प्रीति राजपूत (PREETI RAJPUT) पिता यतन सिंह राजपूत से ही जाना पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहती हूं।

**पुष्पा राजपूत**
पति दिनेश सिंह राजपूत निवासी ग्राम खैरझिटी पो. डुमरडीहखुर्द तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पूर्व में श्रीमती अग्नि बाई सिन्हा पति स्व. मनोहर लाल सिन्हा था, निवासी- सारंगपाणी चाल, पुराना सिविल लाईन वार्ड नं.-13, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की रहने वाली हूँ। मैने विधिवत धर्म परिवर्तन कर अपना नाम श्रीमती शहनाज बानो पति स्व. अब्दुल रहमान रख लिया है। अब मुझे इस नये नाम से जाना पहचाना जाता है और इस नाम से पुकारा जाता है। अब मुझे मेरे नये नाम से संबोधित किया जाये।

**शहनाज बानो**

**नाम परिवर्तन की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पूर्व में खेमराज सिन्हा पिता स्व. मनोहर लाल सिन्हा था, निवासी- सारंगपाणी चाल, पुराना सिविल लाईन वार्ड नं.-13, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का रहने वाला हूँ। मैने विधिवत धर्म परिवर्तन कर अपना नाम मोहम्मद अनीश पिता स्व. अब्दुल रहमान रख लिया है। अब मुझे इस नये नाम से जाना पहचाना जाता है और इस नाम से पुकारा जाता है। अब मुझे मेरे नये नाम से संबोधित किया जाये।

**मोहम्मद अनीश**

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
3-5-7
790-6 350-8
राजधानी
1-4-9
566-7 223-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

Main Portal: https:// eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत(रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 171888 प्रथम आमंत्रण 10.07.2025 | जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी के मोहला में सर्किट हाउस का 1 नग 'आई' टाईप स्टॉफक्वार्टर, बाउण्ड्रीवॉल, पार्किंग शेड, वाटर हार्वेस्टिंग, लैण्ड स्कैपिंग, सी.सी. मार्ग एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य। | 297.20 |
| 2 | 171892 प्रथम आमंत्रण 10.07.2025 | जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के स्याही-सनावल (एम.डी.आर.) मार्ग के कि.मी. 30/6 पर कटरा नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 390.29 |
| 3 | 172032 प्रथम आमंत्रण 14.07.2025 | जिला कोण्डागांव के पोहमर से चेराकुट मार्ग लंबाई 2.05 कि.मी. पुल-पुलिया सहित डामरीकरण कार्य। | 261.64 |
| 4 | 171931 प्रथम आमंत्रण 14.07.2025 | जिला कांकेर के कांकेर-अमोड़ा-नरहरपुर मार्ग के कि.मी. 11.00 से 26.00=6.00 कि.मी. में चौड़ीकरण निर्माण कार्य। | 3871.63 |
| 5 | 171577 प्रथम आमंत्रण 14.07.2025 | सेक्टर-18 नवा रायपुर अटल नगर में निर्माणाधीन राजभवन, महामहिम राज्यपाल, महोदय के अधिकारियों/कर्मचारियों के निवास, माननीय मुख्यमंत्री निवास, माननीय मंत्रीगणों के निवास एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के निवास के शेष कार्य, वॉटर सप्लाई,सेनेटरी फिटिंग, एकॉस्टिक एवं पेनेलिंग वर्क तथा विद्युतीकरण कार्य सहित। संभाग-क्र. 03 नवा रायपुर। | 7123.46 |
| 6 | 172161 प्रथम आमंत्रण 16.07.2025 | सी.जी.आर.आई.डी.सी.एल. अंतर्गत जिला सुकमा के बोकलाघाट से कांजीपानी मार्ग के कि.मी. 1/4 में फूल नदी पर उच्चस्तरीय सेतु निर्माण कार्य का शेष कार्य। | 314.94 |
| 7 | 172163 प्रथम आमंत्रण 16.07.2025 | सी.जी.आर.आई.डी.सी.एल. अंतर्गत जिला सुकमा के कांजीपानी से चिपुरपाल मार्ग के कि.मी. 2/4 में गोरली नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य का शेष कार्य। | 260.02 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 01 से सं.क्र. 02 दिनांक 01.08.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 06.08.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

**मुख्य अंभियंता, केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर**


जी- 252602301/2

SILVER SCREEN MULTIPLEX
18th July to 24th July 2025




Saiyaara - 12:00, 03:00, 03:30, 06:00, 09:00 and 09:30 pm
Maalik - 12:15, 03:15 and 09:15 pm
Superman (Hindi 2D) - 12:30 pm
Jurassic World Rebirth (Hindi 2D) - 06:30 pm
Metro In Dino - 06:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
सुपर डूपर हीट, बम्फाड़ धमाका
तुझे मेरी कसम
साल 2003 का धांसू धमका
कला : रितेश देशमुख, जेनेलिया डिसूजा, आसरानी, शक्ति कपूर




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# भगवान महाकाल की भव्य पालकी यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास का दूसरा सोमवार भी भगवान भोलेनाथ की भक्ति में सना रहा। शहर में सोमवार को क्लब चौक बसंतपुर से निकाली गई भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर बाबा महाकाल की भव्य पालकी यात्रा को देखने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। महाकाल पालकी यात्रा के बसंतपुर रोड में पहुंचने पर क्षेत्रीय विधायक एवं छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, मानव देशमुख आदि ने पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की और कुछ दूरी तक पालकी यात्रा की अगुवानी की। इस दौरान भगवान शिव की विशाल प्रतिमा के साथ अघोरियों का भयंकर नृत्य, सम्मोहक सुआ डंडा नृत्य, पंथी नृत्य आदि नृत्य तथा धोती कुरता पहने हुए महिलाओं का झांझ वादन आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर शहर के गायक चंद्रेश जैन का भगवान शिव की भक्ति से पूरित भजन गायन लोगों को शिव भक्ति से सराबोर किए दे रहा था। लोग भगवान महाकाल की भक्ति में झूमते-नाचते पालकी यात्रा के अंग बने रहे।



**o पालकी यात्रा के स्वागत में बिछाए गए पलक पांवड़े, जगह-जगह मंदिरों में हुई पूजा-अर्चना**
**o डॉ. रमन सिंह, नीलू शर्मा, मधुसूदन यादव, कोमल सिंह राजपूत ने की यात्रा की अगुवानी**
**o अघोरी नृत्य, हुआ नृत्य, डंडा, नृत्य, पंथी नृत्य ने समां बांधा, महिलाओं के झांझ वादन से लोग हुए विभोर**

### बोल बम के उच्चार से शहर हुआ गुंजायमान

बता दें कि आज कांवड़ियों के बोल बम के उच्चार के बीच सुबह से लोग शिव भक्ति में लीन रहे। शहर के शिवालयों में ओम नमः शिवाय के मंत्र गुंजायमान रहा। सुबह से ही मंदिर शिवालयों में भगवान शिव की पूजा-आराधना में भक्त जन जुटे रहे। महिलाएं युवतियों ने व्रत रखकर भगवान शिव की मनोयोग से पूजा की। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ में जल चढ़ाकर बेल पत्री, विल्व फल, कनेर पुष्प दूध आदि अर्पित की और हूम-धूप देकर अपने घर परिवार की खुशहाली की दुआएं मांगी। इस दौरान शहर से लेकर अंचल भर में शिव भक्ति का माहौल बना रहा।

श्रावण मास के दूसरे सोमवार को शहर के बाजार में पूजन सामग्रियों का खासा मांग बना रहा। दूध दही से गंगा जल से लेकर बेलपत्र धतुरा, दूब, कनेर पुष्प, फूल माला आदि की खासी मांग बनी रही।

### बाबा महाकाल की पालकी यात्रा में भक्तों का सैलाब

सोमवार को शहर के बसंतपुर से दोपहर दो-ढाई बजे के करीब शुरू हुई बाबा महाकाल की पालकी यात्रा के स्वागत में लोग पलक-पांवड़े बिछाए रहे। बसंतपुर से लेकर गांधी नगर महेश नगर, कौरिनभांठा, अनुपम नगर तक जहां भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना का माहौल रहा वहीं श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्टाल लगाकर शीतल पेय, स्वल्पाहार व प्रसादी का वितरण कर महाकाल भक्तों का स्वागत किया।

इस बीच रास्ते में पड़ने वाले सभी मंदिर-देवालयों में महाकाल की पालकी की आमद हुई, जहां बढ़ी संख्या में आरती की थाल पकड़ी महिलाओं ने बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना की। पालकी यात्रा में विशेष तौर से महाकाल सेना के पवन डागा, राजू डागा, राजा माखीजा, संजय तेजवानी, अमित खंडेलवाल, गुरमीत वाधवा, रामू भूतड़ा, मनीष खंडेलवाल, बिसेन, दामले, ओम बाबा, अनूप श्रीवास आदि सहित बड़ी संख्या में महाकाल भक्तो की उपस्थिति बनी रही।

महाकाल पालकी यात्रा प्रभात नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर भी पहुंची यहां पूजा आराधना पश्चात लालबाग स्थित शहीद हेमू कालाणी चौक में पहुंचने पर यहां शिव सेवा मंडल के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यहां लालबागेश्वर धाम मंदिर में सिंधी समाज के लोगों द्वारा भगवान महाकाल की पूजा अर्चना की गई, तत्पश्चात पालकी यात्रा का विराम हुआ। रात्रि में सिंधु भवन में शिव सेवा मंडल के लोगों द्वारा भव्य महाप्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित रहा जहां लोग ने छककर प्रसादी ग्रहण की।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लालबाग में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अंतर्गत किया पौधरोपण



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज राजनांदगांव प्रवास के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लालबाग स्थित रोड किनारे गार्डन में बेल का पौधा लगाया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सभी नागरिक यह सम्मिलित प्रयास करें कि अगले वर्ष स्वच्छता में राजनांदगांव शहर देश में अव्वल स्थान पर रहे। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, पार्षद राजा माखीजा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, नगरवासी उपस्थित थे।

# आयुक्त ने निर्माण कार्य की सतत मानिटरिंग करने तथा कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने दिये कड़े निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा आज तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यो की समीक्षा की और गुणवत्ताहीन कार्य पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण कार्यो की प्रतिदिन मानिटरिंग करने तथा अप्रारंभ कार्य तत्काल चालू कराने के निर्देश दिए।

बैठक में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि निर्माण कार्यो में कही-कही गुणवत्ताहीन कार्य देखने को मिल रहा है, जिससे नगर निगम की छवि खराब हो रही है। सभी अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में चल रहे निर्माण कार्यो की प्रतिदिन मानिटरिंग करे और गुणवत्ताहीन कार्य पर ठेकेदार को नोटिस जारी कर ठीक कार्य करावे। खराब डामरीकरण के लिये कहा कि डामरीकरण की जॉच कर संबंधित ठेकेदार से पीचिंग मटेरियल से मरम्मत करावे तथ बारिश के बाद रोड को ठीक करावे, सही रोड होने के पश्चात ही शेष राशि का भुगतान करें। उन्होंने सभी निर्माण कार्य जिनकी निविदा हो चुकी है, उसे प्रारंभ कराने तथा भूमिपूजन हुए कार्य तत्काल प्रारंभ कराने कहा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने गर्मी में बहुत से सीमेंट रोड निर्माण कार्य जो पेंडिंग थे, उसके बारे में सभी उप अभियंताओं से जानकारी लेकर चालू कराने कहा, ताकि बरसात में सीमेंट रोड मजबूती से बन सके। उन्होंने कहा कि जिन ठेकेदारों के द्वारा कार्य प्रारंभ नही किया गया है, उन्हें नोटिस जारी करे, नोटिस उपरांत भी चालू नही करने पर कार्य निरस्त कर पुनः निविदा की कार्यवाही करे। उन्होंने सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय मरम्मत कार्य की उप अभियंताओं से प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि शौचालय मरम्मत के शेष कार्य जल्द पूर्ण करावें तथा जो कार्य बंद है उसे नोटिस देकर चालू करावे। उन्होंने गुणवत्ताहीन शौचालय निर्माण पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की स्थिति निर्मित होना बहुत ही गंभीर बात है, संबंधित ठेकेदार से दुरूस्त कराने के पश्चात ही भुगतान की कार्यवाही करे। उन्होंने एसएलआरएम सेन्टर मरम्मत कार्य की जानकारी लेकर मरम्मत कार्य जल्द पूर्ण करने कहा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि शहर के प्रमुख उद्यानों की कलेक्टर महोदय डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के निर्देश पर उद्योगों से मरम्मत संधारण कराया जा रहा है, उद्यान में उनके द्वारा पाथवे व लाईट मरम्मत, पौधे लगाने, रंगरोगन आवश्यकता होने पर झुला आदि लगाने का कार्य किया जा रहा है, उसकी मानिटरिंग करे। इसी प्रकार डिवाईडर में कलेक्टर के निर्देश पर सीएसआर मद से एबीस ग्रुप द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिसकी भी मानिटरिंग करे। उन्हांने कहा कि सभी तकनीकि अधिकारी प्रातः 10 बजे फिल्ड में जाकर निर्माण कार्यो की मानिटरिंग करेंगे तथा उच्च अधिकारियों को अवगत करायेगे साथ ही गुणवत्ताहीन कार्य पर ठेकेदार को नोटिस जारी करेगे। आयुक्त ने अगामी त्योहारों को देखते हुए विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि कुछ क्षेत्रों में कम या गंदा पानी आने की शिकायत प्राप्त हो रही है। उसे दुरूस्त करें, सभी उप अभियंताओं को अपने वार्ड में निर्माण कार्यो के अलावा स्ट्रीट लाईट, नल कनेक्शन की जानकारी रखने कहा तथा पार्षदों से सम्पर्क कर व्यवस्था दुरूस्त करने कहा। बैठक में कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, संजय वर्मा व दीपक खांडे, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा व वसीम खान सहित उप अभियंतागण उपस्थित थे।

महापौर एवं आयुक्त ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर स्वच्छता सर्वेक्षण में राजनांदगांव का भारत में टॉप 20 में आने पर दी बधाई शहर विकास के लिए 63 करोड़ की राशि स्वीकृति दिलाने पर महापौर मधुसूदन यादव ने डॉ. रमन सिंह का आभार जताया है।

# ओवरब्रिज के नीचे से छोटे व्यापारियों को बिना व्यवस्थापन हटाए जाने पर व्यापारियों और कांग्रेस नेताओं ने हाथ में कटोरा लेकर किया विरोध प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। आज अन्याय के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेताओं और व्यापारी संगठनों ने मिलकर अनोखे अंदाज़ में विरोध प्रदर्शन किया सभी प्रदर्शनकारियों ने हाथ में कटोरा लेकर सड़कों पर भीख मांगी और भाजपा सरकार की नीतियों का विरोध किया।

**यह गरीबों की रोज़ी-रोटी पर हमला है, भाजपा की नीतियाँ जनविरोधी हैं - निखिल द्विवेदी**

निखिल द्विवेदी ने कहा कि ओवरब्रिज के नीचे वर्षों से दुकान चला रहे सैकड़ों छोटे और मध्यम व्यापारियों को प्रशासन द्वारा जबरन हटा दिया गया बिना किसी पूर्व सूचना, वैकल्पिक व्यवस्था और मुआवज़े के यह कार्रवाई पूरी तरह अमानवीय और जनविरोधी है। राजनांदगांव की भाजपा सरकार गरीब दुकानदारों को उजाड़कर किस विकास की बात कर रही है? ये वही लोग हैं जो वर्षों से अपना पेट पाल रहे थे और अब उन्हें सड़कों पर लाकर छोड़ दिया गया है। सरकार को कम से कम कोई वैकल्पिक व्यवस्था देनी चाहिए थी। यह कार्रवाई तानाशाही की मिसाल है। प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने मांग रखी सभी हटाए गए दुकानदारों को तत्काल वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जाए मुआवज़ा व पुनर्वास नीति की घोषणा हो और प्रशासनिक कार्रवाई से पहले व्यापारियों को पर्याप्त समय और अवसर दिया जाए हमने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि व्यापारियों को जल्द राहत नहीं दी गई तो यह आंदोलन और तेज़ होगा और बड़े स्तर पर संघर्ष किया जाएगा।

पूर्व निगम अध्यक्ष और पार्षद हफीज़ खान ने कहा कि यह सिर्फ अतिक्रमण नहीं, बल्कि गरीबों की रोटी पर सीधा हमला है भाजपा शासन में गरीबों के लिए कोई जगह नहीं है जब तक सभी प्रभावित व्यापारियों को न्याय नहीं मिलेगा, कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी हम हर मंच पर इन आवाज़ों को उठाते रहेंगे इस विरोध को देखकर आम जनता में भी नाराज़गी देखने को मिली, क्योंकि जिन लोगों ने अपने पसीने से छोटी-छोटी दुकानें खड़ी की थीं, आज उन्हें एक झटके में उजाड़ दिया गया है।

उक्त प्रदर्शन के दौरान मुख्यरूप से निखिल द्विवेदी, हफीज ख़ान, पूर्व पार्षद विनय झा, पार्षद राजा तिवारी, पूर्व पार्षद प्रजापति पूर्व पार्षद शरद पटेल पूर्व पार्षद, समद ख़ान, पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा सौंदर्य प्रसाधन विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ. नेतराम नवरतन के मार्गदर्शन में नकली सौंदर्य प्रसाधन सामग्री के क्रय-विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के परिपालन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों द्वारा जिले में संचालित 9 सौंदर्य प्रसाधन विक्रय प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता जांच हेतु सौंदर्य प्रसाधन सामग्री के नमूने भी लिए गए। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। जांच टीम में सहायक औषधि नियंत्रक हिरेन मनुभाई पटेल, औषधि निरीक्षक प्रवीण कुमार चौबे शामिल थे।

# नगर सुरक्षा की 'त्रिनेत्र योजना' में आईएमए ने दिए 21 लाख रुपए



राजनांदगांव (दावा)। नगर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुरू की गई महत्वाकांक्षी 'त्रिनेत्र योजना' में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मंगलवार को आईएमए के पदाधिकारियों और सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह से भेंट कर योजना के लिए 21 लाख रूपए का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर जिलाधीश सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे और पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग भी उपस्थित रहे। राजनांदगांव नगर को 'तीसरी आँख' से लैस करने वाली इस त्रिनेत्र योजना में विभिन्न सामाजिक संस्थाएं पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रही हैं। इसी कड़ी में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए इस पहल में सहयोग करने का निर्णय लिया।

**वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दीक्षित सहित दर्जन भर चिकित्सकों ने डॉ. रमन को सौंपा चेक**

आज आईएमए के अध्यक्ष डॉ. रंगारी और सचिव डॉ. अनिमेष गांधी के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक चिकित्सकों ने विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की और अपनी मंशा व्यक्त की। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे और पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की विशेष उपस्थिति में, चिकित्सकों के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को योजना में सहभागिता के लिए 21 लाख रूपए का चेक सौंपा गया। इस भेंट-मुलाकात के दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दीक्षित, डॉ. मोहन पारख, डॉ. दिवाकर, डॉ. नरेंद्र गांधी, डॉ. मिथलेश शर्मा, डॉ. सतीश वासनिक, डॉ. नरेंद्र कटियारा, डॉ. विक्रम बग्गा, डॉ. योगेश सोनी, डॉ. बी.सी. जैन, डॉ. कुमरे, और डॉ. एच.एल. मोतीरमानी भी मौजूद रहे। आईएमए के इस सहयोग से नगर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

# चिखली वार्ड में जियो टावर स्थापना का विरोध तेज, वार्डवासियों ने फिर सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। चिखली वार्ड नंबर 5 में घनी आबादी वाले क्षेत्र में जिओ मोबाइल टावर की स्थापना का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। वार्डवासियों के भारी विरोध के बाद पूर्व में तत्कालीन कलेक्टर संजय अग्रवाल ने टावर का काम रुकवा दिया था। हालांकि बीते कुछ दिनों से टावर का काम फिर से शुरू हो गया है। जिस पर वार्डवासियों ने कड़ी आपत्ति जताई है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

इसी क्रम में सभी वार्डवासियों ने एकजुट होकर वार्ड की पूर्व पार्षद और पूर्व महापौर हेमा देशमुख के नेतृत्व में पूर्व पार्षद अमीन हुड्डा के साथ मिलकर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने टावर के काम को तुरंत रोकने और उसे किसी अन्य स्थान पर स्थापित करने की मांग की है। ज्ञापन देने वाले वार्डवासियों में तेज राम साहू, प्रिया साहू, अंगिया साहू, पदमा साहू, काशी साहू, सरिता साहू, देवकी साहू, वर्षा राजपूत, काजल साहू, जागेश्वर साहू, उर्मिला, रामोतीन, कुंती विश्वकर्मा, डीपी साहू और लक्ष्मीन साहू सहित अन्य लोग शामिल थे। वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि टावर का काम नहीं रोका गया तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों का किया गया निरीक्षण

**राजनांदगांव (दावा)। नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आगामी त्यौहारों में बहुतायत में उपयोग की जाने वाली खोवा, कुंदा, पनीर सहित अन्य खाद्य सामग्री के गुणवत्ता निर्धारण के निर्देश दिए गए है।**




आदेश के परिपालन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, गैराज सहित अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में दबिश देकर अन्य जिलों एवं राज्यों से आने वाले पनीर, कुंदा, खोवा, मिठाई सहित अन्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांच हेतु निरीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही शहर के प्रतिष्ठित फर्मों से भी खोवा, कुंदा, पनीर सहित अन्य खाद्य सामग्री के नमूने गुणवत्ता जांच के लिए जप्त की जा रही है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा रौनक इंटरप्राइजेस से स्पॉन्ज, कढ़ी, दही और बर्फी का विधिक नमूना जप्त किया गया। इसके साथ मिलन स्वीट्स से खोवा, मोती स्वीट्स से कुंदा एवं शांता फूड्स परींकला से पनीर के नमूने गुणवत्ता जांच हेतु जप्त किया गया। मिलन स्वीट्स में आवश्यक साफ-सफाई का अभाव पाए जाने पर 3 दिवस के भीतर व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए गए। मोती स्वीट्स से 50 किलो कुंदा जप्त कर संचालक की अभिरक्षा में अग्रिम कार्रवाई हेतु संग्रहित किया गया। त्यौहारी सीजन को देखते हुए विशेषकर हरेली, रक्षा बंधन में यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। विभाग द्वारा नागरिकों से पूर्ण जागरूकता के साथ खाद्य सामग्री का चयन करने की अपील की गई है। जांच के दौरान डिप्टी कलेक्टर अमिय श्रीवास्तव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेन्द्र ध्रुव एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम से भूषण प्रताप सिंह, रूपेश कुमार जंघेल, जितेन्द्र साहू एवं लक्ष्मीनारायण साहू उपस्थित थे।

# पार्षद न्यामत हुड्डा एवं पूर्व पार्षद अमीन हुड्डा ने निगम कर्मियों को रेनकोट वितरित किया



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के कर्मचारी चाहे सफाई विभाग के हो या अन्य विभाग के हो, पानी में भीगते हुए कार्य करते हैं और कोई भी ऐसा अवसर नहीं देते जिससे जनता को किसी तरह की परेशानी हो। रात हो या दिन हो ये लगातार काम के प्रति समर्पित रहते हैं। वार्ड नंबर 29 की पार्षद न्यामत हुड्डा एवं पूर्व पार्षद अमीन हुड्डा ने जब अपने वार्ड के सफाई कर्मचारियों को पानी में भीगकर कार्य करते हुए देखा तो उन्होंने अपनी तरफ से रेनकोट वितरण करने की इच्छा जताई और इस इच्छा के तहत उन्होंने आज टांका घर में कर्मचारियों को रेनकोट का वितरण किया।

रेनकोट वितरित करते समय पूर्व महापौर हेमा देशमुख, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, कमिश्नर अतुल विश्वकर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष मुकेश साहू, पार्षद सतीश मसीह, पूर्व पार्षद महेश साहू, पार्षद प्रतिनिधि युवराज भारती, नेहाल नकवी एवं नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित थे। टाकाघर में करीब 50 की संख्या में कर्मचारियों को रेनकोट वितरण किया गया। पूर्व पार्षद अमीन हुड्डा द्वारा एवं न्यामत हुड्डा द्वारा लगातार सेवा भावना में समर्पित होकर इस तरह का कार्य किया जाता रहा है। इनके द्वारा पूर्व में पार्षद ऑफिस में वाटर फिल्टर लगाया गया, जिससे आने-जाने वाले वाहन चालकों, ठेला चालकों, मजदूरों को ठंडा पानी पीने को मिलता है। इसी तरह हनुमान मंदिर निर्माण कराकर हर साल हनुमान मंदिर में भंडारा कराकर उन्होंने एक मिसाल पेश की है।

इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने पार्षद न्यामत हुड्डा एवं अमीन हुड्डा को धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि इस तरह हर व्यक्ति अगर निगम कर्मचारियों को अपना परिवार समझे तो आधी समस्या हल हो जायेगी।

# वार्ड नं. 38 में 15 लाख रूपये की लागत से नाली व रोड बनाने महापौर ने किया भूमिपूजन



राजनांदगांव (दावा)। वार्डो में कराये जा रहे विकास कार्य की कडी में महापौर मधुसूदन यादव ने दिग्विजय वार्ड नं. 38 में रोड व नाली निर्माण के लिए छ.ग. पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष नीलू शर्मा की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अधोसंरचना मद अंतर्गत शासन स्वीकृति के तारतम्य में दिग्विजय वार्ड के लिए स्वीकृत राशि 15 लाख रूपये से ठेठवार पारा गली में नाली निर्माण तथा किलापारा रोड में सीमेंटीकरण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है, नाली बन जाने से पानी निकासी की समस्या दूर होगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप हमारे विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर सभी वार्डो में पार्षद की मांग अनुसार प्राथमिकता तय कर विकास कार्य कराये जा रहे है।

ठेठवार पारा में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर श्री यादव एवं पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष श्री शर्मा सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा व डीलेश्वर प्रसाद साहू, वार्ड की पार्षद सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, पार्षद जैनम बैद, रवि सिन्हा, अरूण साहू, पूर्व पार्षद विजय राय के अलावा मनीष गोलछा ने शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर विधिवत गैती चलाकर भूमिपूजन किया।

पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि हमारे विधायक डॉ. रमन सिंह ने अपने विधायक रहते पूर्व में अनेकों विकास कार्य के लिए स्वीकृति देकर शहर को एक पहचान दिलाए है, इसी तारतम्य में वर्तमान में उन्होंने शहर विकास के लिए 63 करोड की स्वीकृति दिलाए। उन्होंनें कहा कि विकास की कडी को आगे बढाते हुए महापौर मधुसूदन यादव भी शासन से प्राप्त राशि से वार्डो में समान रूप से विकास कार्य करा रहे है। वार्ड पार्षद सुश्री मणिभास्कर गुप्ता ने भी भूमिपूजन के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसी प्रकार वार्ड विकास में सहयोग की अपेक्षा की।

भूमिपूजन के पूर्व वार्ड के द्विवांका भास्कर गुप्ता, शैलजा भास्कर गुप्ता, पंकज सोनी, दशरथ सोनी, विपुल सोनी, अभिषेक झा, बंशी साहू, मंगल यादव, हुकूम पंसारी, मुझीमन अली, दीपक यादव, बिट्टू यादव, तरूण गुप्ता, मुकेश कसार, रीतेश कसार, सुरेश यादव, राजेश श्रीवास, करूणा शर्मा, नीतू यादव, संगीता यादव, ममता यादव, रूपाबाई साहू, रूखमणी श्रीवास, हेमलता श्रीवास, शोभा शर्मा, ज्योति सुराना, संतोष सुराना, राकेश चौबे, विक्रांत श्रीवास्तव, मुमताज बानो ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर उप अभियंता सुश्री आयुषी सिंह सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### आज भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस का आर्थिक नाकाबंदी- चक्काजाम

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा की सरकार द्वारा लगातार भ्रष्टाचार का बोलबाला चल रहा, प्रदेश के खनिज संपदाओं का लगातार दोहन किया जा रहा है, मामला उजागर होने पर भाजपा सरकार कांग्रेसी नेताओं पर द्वेषपूर्ण राजनीति करते हुए ईडी को सामने रखकर लगातार कार्यवाही कर डराया व धमकाया जा रहा है।

उक्त जनहित मुद्दों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर मंगलवार 22 जुलाई को पूरे प्रदेश में आर्थिक नाकेबंदी चक्काजाम किया जा रहा है। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि बैठक में उपस्थित शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू व संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू व कांग्रेसजनों ने कहा कि यह लड़ाई जनहित मुद्दों को लेकर लड़ी जा रही है भाजपा द्वारा सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग कर विपक्षी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ता पर की जा रही कार्यवाही के विरोध में शहर व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व जिला स्तरीय आर्थिक नाकेबंदी चक्काजाम राष्ट्रीय राजमार्ग जीई रोड सीआईटी तिराहा बायपास के पास दोपहर 12 से 02 बजे तक किया जा रहा है। आयोजित चक्काजाम में कांग्रेसजन सहित शहरवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

## अनमोल दावा

> मन में केवल वही विचार बनाएं जो आप होता देखना चाहते हैं, क्योंकि विचार बीज हैं और घटनाएं इसके फल।

# बचकानी राजनीति, ट्रंप के दावों पर यकीन करती कांग्रेस

भारतीय प्रधानमंत्री उनसे फोन पर दो टूक यह कह चुके हैं कि कथित संघर्ष विराम में अमेरिका की वैसी कोई भूमिका बिल्कुल भी नहीं थी जिसका दावा किया जा रहा है। भारतीय प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति से यह भी कहा था कि कश्मीर पर भारत की जो नीति है वह यथावत है और उसमें कोई बदलाव होने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता लेकिन कांग्रेस यह समझने को तैयार नहीं। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में रुचि रखने वाला हर व्यक्ति संभवतः यह अच्छे से समझ गया होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप विचित्र दावे करते रहते हैं। वे कई बार निराधार टिप्पणियां करते हैं और फिर उनसे पीछे भी हट जाते हैं, लेकिन शायद भारत के विपक्षी दलों और विशेष रूप से कांग्रेस को ट्रंप पर कुछ ज्यादा ही भरोसा है।

ट्रंप ने यह दावा किया कि पहलगाम में आतंकी हमले के जवाब में भारत की सेना के आपरेशन सिंदूर के चलते भारत-पाकिस्तान में हुए टकराव के दौरान पांच लड़ाकू विमान मार गिराए गए। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि ये विमान किस देश के थे, लेकिन कांग्रेस के नेता तत्काल इस नतीजे पर पहुंच गए कि ये लड़ाकू विमान भारत के रहे होंगे। उन्होंने ट्रंप के इस बेकार के दावे की सच्चाई जानने की जरूरत जता दी। यह जरूरत कांग्रेस के किसी प्रवक्ता ने नहीं, बल्कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने जताई।

ऐसा लगता है कि उन्हें न तो भारत की सरकार पर भरोसा है और न ही भारतीय सेना पर। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस आपरेशन सिंदूर के मामले में उन अधकचरे एवं भारत विरोधी दावों को तूल दे रही है जो पाकिस्तान और चीन के नेताओं ने किए और यदाकदा अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी।

सब जानते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति का यह दावा खोखला है कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम करवाया और दोनों देशों के बीच परमाणु युद्ध की आशंका को टाला। उनके इस दावे पर कोई यकीन नहीं कर रहा है। खुद भारतीय प्रधानमंत्री उनसे फोन पर दो टूक यह कह चुके हैं कि कथित संघर्ष विराम में अमेरिका की वैसी कोई भूमिका बिल्कुल भी नहीं थी जिसका दावा किया जा रहा है। भारतीय प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति से यह भी कहा था कि कश्मीर पर भारत की जो नीति है, वह यथावत है और उसमें कोई बदलाव होने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता, लेकिन कांग्रेस यह समझने को तैयार नहीं। कांग्रेस और विपक्षी दलों के नेता इससे अच्छी तरह परिचित हैं कि कश्मीर, आपरेशन सिंदूर एवं अन्य अनेक मामलों में उनके बयानों का पाकिस्तान, चीन एवं अन्य भारत विरोधी ताकतों ने इस्तेमाल किया है और अपने पक्ष में भुनाया भी है, लेकिन उन्हें इसकी कोई परवाह नहीं।

सबसे दुर्भाग्य की बात यह है कि जो कांग्रेस लंबे समय तक केंद्र की सत्ता में रही और विदेश नीति की बारीकियों से परिचित है, वह बचकाना व्यवहार कर रही है। ऐसा तो कई क्षेत्रीय दल भी नहीं कर रहे हैं। कांग्रेस एवं कुछ अन्य दलों के नेता इस इंतजार में बैठे दिखते हैं कि पाकिस्तान, चीन, अमेरिका अथवा किसी अन्य देश से कब भारतीय हितों के प्रतिकूल बयान आए और वे सरकार को घेरें। यह वह रवैया है जो इन नेताओं की विश्वसनीयता पर चोट भी कर रहा है।

# क्या बिहार में सुशासन अब जंगलराज में बदल रहा है?



-ललित गर्ग-

बिहार में एक बार फिर कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। बेखौफ अपराधियों का आतंक, दिन-दहाड़े हत्याएं, लूट, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध यह संकेत दे रहे हैं कि 'सुशासन बाबू' के नाम से मशहूर नीतीश कुमार का प्रशासन कहीं अपने वादों और आदर्शों से भटकता नजर आ रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव की दस्तक के बीच आमजन में यह सवाल तेजी से उभर रहा है कि क्या बिहार में सुशासन अब फिर से जंगलराज में तब्दील हो रहा है? क्योंकि व्यापारियों, राजनेताओं, वकीलों, शिक्षकों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर की गई लगातार हत्याओं ने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पुलिस इन घटना के लिए अवैध हथियारों और गोला-बारूद की व्यापक उपलब्धता को जिम्मेदार ठहरा रही है, पुलिस के उच्च अधिकारियों के कुछ बेतूके बयान हास्यास्पद एवं शर्मनाक होने के साथ चिन्ताजनक है। उनके हिसाब से जून में ज्यादा वारदात होती हैं, क्योंकि मॉनसून आने के पहले तक किसान खाली बैठे होते हैं। राज्य की राजधानी पटना के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दिनदहाड़े 5 शूटर्स ने जिस तरह एक गैंगस्टर की हत्या की, उससे यही लगता है कि कानून-व्यवस्था का डर खत्म हो चुका है। पिछले 10 दिनों में एक के बाद एक कई आपराधिक घटनाओं में व्यापारी गोपाल खेमका, भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार, एक 60 वर्षीय महिला, एक दुकानदार, एक वकील और एक शिक्षक सहित कई हत्याओं ने चुनावी राज्य को हिलाकर रख दिया है।

बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर राजनीतिक घमासान चरम पर है। विपक्ष, खासकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस, जहां नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर लगातार हमलावर है, वही एनडीए इन मुद्दों पर जबावी एवं रक्षात्मक हमला करते हुए चुनाव पर इनके असर को बेअसर करने में जुटी है। लालू यादव के शासनकाल के 'जंगलराज' की भी याद दिलाने की कोशिश एनडीए की पार्टियां कर रही है ताकि विपक्ष इन मामलों पर ज्यादा हावी ना हो। भाजपा के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का कहना है कि बिहार की जनता लालू राज में जो जंगलराज था, उसे भूली नहीं हैं। विपक्ष चाहे जो भी आरोप लगाए बिहार में आज सुशासन का राज है और जो घटनाएं हुई हैं वह योजनागत अपराध के तहत है, जिस पर सरकार कड़ी करवाई कर रही है।' हॉस्पिटल में जिसकी हत्या हुई, वह



खुद हत्या के मामले में जेल में बंद था और फिलहाल पैरोल पर बाहर आया था। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस वारदात में विरोधी गैंग शामिल हो सकता है। इसका मतलब कि राज्य में संगठित अपराध फिर सिर उठा रहा है। इसी महीने, 4 जुलाई को बिहार के बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या हुई थी और उसमें भी भाड़े के शूटर्स का इस्तेमाल किया गया था। ऐसी हत्याएं बार-बार हो रही हैं, यह सिलसिला कहीं रुकता नहीं दिख रहा।

पक्ष एवं विपक्ष के राजनीतिक दल एवं नेता चाहे जो बयान दें, लेकिन बिहार में अपराध तो बढ़ ही रहे हैं, आमजनता में भय एवं असुरक्षा व्याप्त है।। हाल ही में राजधानी पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, और गया जैसे प्रमुख शहरों में हुई हत्या और डकैती की घटनाएं न केवल भयावह हैं, बल्कि यह भी दिखाती हैं कि अपराधी अब पुलिस और प्रशासन से नहीं डरते और पुलिस का अपराधियों पर नियंत्रण खत्म होता जा रहा है। सड़क पर चल रहे आम लोगों को दिनदहाड़े गोली मार दी जाती है, व्यापारियों से रंगदारी मांगी जाती है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि बिहार भले अपराध में कई दूसरे राज्यों से पीछे दिखता हो, लेकिन सच यही है कि आंकड़े पूरी कहानी नहीं बताते। राज्य में ये अपराध तब हो रहे हैं, जब पूरा फोकस क्राइम कंट्रोल पर है। बिहार में पिछले तीन वर्षों में अपराध दर में निरंतर वृद्धि हुई है। हत्या, बलात्कार, अपहरण, और लूट जैसे संगीन अपराधों में राज्य शीर्ष स्थानों में शामिल हो गया है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि चुनावी राजनीति में एक बड़ा मुद्दा बनकर उभर रही है।

एक समय था जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर उल्लेखनीय सुधार किए थे। लालू-राबड़ी शासन के समय जिसे जंगलराज कहा जाता था, उसके मुकाबले एक उम्मीद जगी थी कि बिहार अब विकास, सुरक्षा और शांति की राह पर है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य में जनता फिर से असुरक्षा, भय और अराजकता के वातावरण में जीने को मजबूर है। इन स्थितियों में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब सरकार के पास प्रशासनिक अनुभव है, गठबंधन के रूप में राजनीतिक ताकत है, तो फिर अपराधियों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? बिहार में कानून एवं व्यवस्था के मुद्दे के साथ हमेशा राजनीति का पहलू जुड़ा रहा है। राज्य के लोगों के जहन में कई बुरी यादें हैं और राजनीतिक बाजीगरी में यह कोशिश होती है कि वे यादें कभी कमजोर न पड़ें। अभी तक इसका फायदा सीएम नीतीश कुमार को मिला है। नीतीश और भाजपा ने लालू-राबड़ी यादव के कार्यकाल को हमेशा 'जंगलराज' के तौर पर पेश किया। लेकिन, अब वही सवाल पलट कर उनकी ओर आ रहे हैं, जो आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर चिन्ता एवं चेतावनी का सबब बनना ही चाहिए।

बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरण और गठबंधनों की जोड़तोड़ हमेशा से हावी रही है। लेकिन अब जो नया परिदृश्य बन रहा है, उसमें अपराध और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलने के आरोप भी आम हो गए हैं। हाल ही में कई मामलों में नेताओं और जनप्रतिनिधियों के आपराधिक तत्वों से संबंध उजागर हुए हैं। यह स्थिति न केवल लोकतंत्र के लिए खतरा है, बल्कि जनविश्वास की भी अवहेलना है। यदि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलेगा, तो फिर आम जनता के लिए न्याय और सुरक्षा केवल एक सपना बनकर रह जाएगा। हाल के अपराधों की घटनाओं ने विपक्ष को सरकार की नाकामी उजागर करने का मौका दिया है, जबकि भाजपा और जदयू रक्षात्मक रुख अपना रहे हैं और इन घटनाओं को योजनागत घटनाओं का नाम देकर राजद सरकार के समय की आपराधिक घटनाओं के साथ तुलना कर रहे हैं। मगर सूत्रों की माने तो पार्टी इस बात को लेकर तैयारी जरूर कर रही कि, यदि यह मुद्दा संसद के आगामी सत्र में विपक्ष उठाती है तो उस पर कैसे जवाब देना है? जिस बिहार के पूर्ववर्ती सरकारों के कानून एवं व्यवस्था की खराब स्थिति को मुख्य मुद्दा बनाकर एनडीए सरकार सत्ता में आई थी अब यही मुद्दा विपक्ष के हाथ लग गया है। बिहार की जनता बदलाव चाहती है। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर ठोस कदम चाहिए, न कि केवल वादों की झड़ी। विपक्ष इस समय सरकार को घेरने के लिए पूरी तैयारी में है और 'बदहाल कानून-व्यवस्था' को मुख्य चुनावी मुद्दा बना रहा है।

पत्रकार, स्तंभकार ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486, 9811051133

## विचार सरिता

# हंसी के किस्से : सावन में बरसते हैं मेघ, पर्वत शिखरों से उड़के आते हैं मेघ

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



बारिश के कारण मोहल्ले की गलियों में पानी भरा रहता है। इससे कीचड़ और थोड़ी गंदगी का होना भी स्वाभाविक रहता है। इस बार वर्षा रुक-रुककर हो रही है। अगर मूसलाधार पानी कभी गिरता भी है तो रात को। दिन में हल्की रिमझिम बारिश के बीच कामकाज चलते रहता है। अगर नालियों की नियमित सफाई में कभी चूक हुई तो पानी सड़क पर भी आ जाता है। कवि कुमार बारिश के मौसम में घर से बाहर निकलने से बचते हैं। और अगर दिन छुट्टी का हुआ, तब तो वे आलस्य कर जाते हैं।

कवि कुमार आज छुट्‌टी के दिन सुबह चाय पीते हुए एक नयी कविता लिखने के बारे में कोई अच्छा विषय सोच रहे थे और कल्पना में डूबे हुए थे। उन्होंने एक पंक्ति से प्रारंभ किया,

''सावन में झर-झर बरसते हैं मेघ,
पर्वत शिखरों से नीचे आते हैं मेघ,
अंबर से धरती तक विस्तृत हैं मेघ,
वारिद बूंदों से सराबोर करते हैं मेघ।''

अभी वे अपनी डायरी में इस कविता की चौथी पंक्ति लिखने जा ही रहे थे कि उनकी पत्नी ने आवाज दी,

''क्या बात है? आज सुबह-सुबह ही कलम पकड़ लिया है आपने !आज कोई कामधाम नहीं करने वाले हैं आप। मैंने तो सोचा था, आज छुट्टी है, अतः कामकाज में हाथ बंटाएंगे।''

कवि तुरंत वर्षा सुंदरी, मेघ और वारिद बूंदो से धरातल पर आ गए। जीवन की कठोर वास्तविकता से सामना होने पर उनकी सारी कल्पनाएँ अदृश्य हो गईं। उन्होंने सोचा, कविता बाद में, पत्नी जी की सेवा पहले। अतः बिना देर किए उन्होंने तुरंत प्रस्ताव रखा,

''फरमाइए गृह स्वामिनी जी !क्या आदेश है? मैं तो आपका आदेश जारी होने में देर होते देखकर कलम थामकर बैठ गया था। अन्यथा मैं सुबह से ही तैयार हूं।''

''घर में सब्जी खत्म हो गई है। बाज़ार जाकर ले आइए।''रिमझिम ने मुस्कुराते हुए कहा।

कवि कुमार ने कहा, ''कविता फिर कभी, सब्जी अभी के अभी। कहाँ है थैला?''

अगले ही पल थैला हाजिर हो गया और कवि फिसलन भरी गलियों से होते हुए सब्जी मंडी की ओर निकल पड़े। रास्ते में एक कविता की मौलिक पंक्तियाँ सोचने लगे-

गलियों में कीचड़ है, खूब बरसे हैं मेघ।
फिसलन भरी राह है, रुकके बरसो मेघ ।

## (कविता)

# तिरंगा हमारा गौरव

22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने राष्ट्रीय ध्वज,
पं. नेहरू ने राष्ट्र ध्वज ग्रहण किया। मान्य किया,
हमारा राष्ट्र ध्वज, हमारे देश का गौरव है
इसके हैं तीन रंग-त्याग, शांति और हरित का प्रतीक
हमारे वीर फौजों के हाथ में रहता है सदा तिरंगा
हमारे तिरंगा ने हिमालय का सिर कभी झुकने नहीं दिया,
खदेड़ा चीनी सैनिकों को सन् बैंसठ में और
बचाया अरूणाचल प्रदेश को
आज उत्तर-पूर्वी भारत में जिधर देखो हमारी तिरंगा है,
हमारे आन-बान और शान का प्रतीक राष्ट्र ध्वज।
आज काश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से अरूणाचल तक
भारत एक है, इसका प्रतीक है तिरंगा, यह विजय का प्रतीक है,
कारगील विजय स्थल पर तिरंगा है,
काश्मीर जो कि भारत का अभिन्न अंग है,
वहाँ विधान भवन और राजभवन में तिरंगा
हमारे संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, लहरा रहा है,
सर्वोच्च न्यायालय, विधान
और राजभवन में तिरंगा एक सौ चालिस करोड़
जनता की भावनाओं का प्रतीक है
हमारे वीर सैनिकों के एक हाथ्ज्ञ में तिरंगा
और दूसरे हाथ में गन रहता है
हमारे सशक्त फौज के सामने शत्रु टिक नहीं पाता
क्योंकि तिरंगा में सारी जनता की ताकत समाहित है
तिरंगा का चौबीस चक्र हमारे गतिशील रहने का प्रतीक है
यह चक्र सारनाथ के अशोक स्तंभ से लिया गया है
हम चौबीसों घंटे देश की सेवा के लिये कृत संकल्प रहें।
विजयी विश्व तिरंगा प्यारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा। तिरंगा हमारे राष्ट्रीय पर्वो की शान हैं
मुश्किल कितनी भी आ जाए, उससे ना घबराएंगे,
विपरीत परिस्थिति कितनी भी आजाए,
तिरंगा की ताकत से शत्रु का नाश करते जाएंगे।





देवेन्द्र महोबे
9424129646
खैरागढ़

## सामयिक चर्चा

# मोखला का असर, क्या होगा सरकार पर ?

खबर पढ़कर, मुग्ध होकर,
बानी बोले- ''वाह! क्या बात है गजाधर!
मोखला पंचायत ने सचमुच
बहुत अच्छा निर्णय लिया है।
यह एक तरह से
अन्य गावों के पंचायतों के लिए भी
लाभकारी संदेश दिया है।
सुनिए, पूरी खबर सुनाता हूँ -
नये युवकों को नशे की लत से बचाने
और गांव में शराब-गांजा की अवैध बिक्री रोकने
मोखला पंचायत ने अनूठी पहल की है।
गांव में बेचे तो पचास हजार,
और खरीदने पर तीस हजार,
जुर्माना की घोषणा की है।
और एक यह भी अच्छा किया है काम
कि बताने वाले को दिया जाएगा इनाम।
मेरा मन तो कह रहा है गजाधर।
कि हम लोग मोखला जाकर
पंचायत को दें खूब बधाई !
गजाधर मुस्कराए बोले- ''बानी!
तुमने बड़ी अच्छी सलाह दी है भाई।
पर यह कैसी विडम्बना है बानी !
जिसे सोचने पर, मुझे होती है परेशानी!
कि सरकार जब खुद शराब बेचने लग जाती है
जगह-जगह दुकान खोलने लग जाती है
तो शराबियों का हौसला बढ़ जाता है
पीने वालों की संख्या बढ़ जाती है।
इस पर सरकार को गंभीरता से
सोचना चाहिए! शराब बन्दी पर उसे,
कोई कारगर उपाय खोजना चाहिए!''



-गिरीश बख्शी

## कविता

# ।। वर्षाकाल की एक रात ।।

घनघोर तिमिर में उमड़ घुमड़,
नभ में वारिद का जल प्रवाह।
अंधियारे में है रश्मि तड़ीत,
की करती उज्जवल प्रेम हास।।
यह कैसा अदभुत प्रेम पुंज,
जिसका होता नित भाव उदय।
प्रतिपल परिवर्तित किरणों की,
चंचलता से होता संशय।।
यह प्रेम मिलन की आतुरता,
या है वियोग की उर पीड़ा।
चंचलता बाल सुलभ क्षण की,
अथवा यौवन की अल्हड़ता।।
नभ के विस्तृत श्यामल पट पर,
स्मित प्रकाश की है रेखा।
आलोकित क्षण भंगूर ज्योति,
को जग ने विस्मित हो देखा।।
नव परिणीता की मृदुल हास,
दामिनी चपल करती विभोर।
कल कल बहती जल धारा से,
उठती तरंग सरिता हिलोर।।
है यही प्रकृति की कोमलता,
जिससे मिलता जीवन प्रसाद।
जागृत हो जाता है जीवन,
नित नष्ट तिरोहित जग प्रमाद।



प्रभात बख्शी राजनांदगांव
9340410451

## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहेगा। आप किसी विशेष कार्य की योजना बनायेंगे और जल्द ही उस पर काम करना शुरू करेंगे। इस राशि के छात्र किसी एंट्रेंस एग्जाम में सफलता प्राप्त करेंगे, जिससे घर में खुशियां आएंगी। किसी बड़े सदस्य की सहायता से आज पारिवारिक समस्या का समाधान होगा, जिससे आपको सुकून मिलेगा ।

**वृष राशि**
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। व्यापारिक लेन ङ्क देन में आज आपको बढ़िया लाभ मिलेगा और क्लाइंट के साथ आपके रिश्ते मजबूत बनेंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चों के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आज आप माता-पिता के साथ आप किसी धार्मिक स्थल के दर्शन करने जा सकते हैं।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज पेंडिंग वर्क को पूरा करने का दिन है, इसलिए आप मन लगाकर काम करें। शादीशुदा रिश्तों में सुधार आएगा, जिससे घर का माहौल खुशहाल रहेगा। जो लोग किसी शारीरिक समस्या से जूझ रहें हैं , आज उनको एक्सपर्ट की सलाह मिलने से वो तकलीफ दूर हो जाएगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा बना रहेगा। आज आपके अधिकतर कार्य पूरे होंगे, जिससे आप आगे का प्लान तैयार कर पायेंगे। आज ऑफिस के किसी काम से आपको बाहर जाना पड़ सकता है, जहाँ आप अपनी सूझ ङ्क बूझ से मामले को सुलझा लेंगे। अगर आज आप किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करना चाहते हैं।

**सिंह**
आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज आप बड़े और अहम फैसले में जल्दबाजी न करें , थोड़ा रुक कर सोच ङ्क विचार जरूर करें ऐसा करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। इस राशि के समाज सेवा से जुड़े हुए व्यक्तियों को आज मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आज आप अपनी वाणी पर थोड़ा कंट्रोल बनाये रखें, जिससे परिवार में शांति बनी रहे।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहेगा। आज काम की अधिकता रहेगी जिसकी वजह से शारीरिक परिश्रम भी करना पड़ सकता है। आज आप माता ङ्क पिता से अपने मन की बात शेयर कर सकते हैं, जिसमें वो आपका सपोर्ट करेंगे। इस राशि के स्पोर्ट्स खेलने वाले छात्र आज कोच की मदद से बेहतर परफॉर्म करने में सफल रहेंगे।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। बिजनेस करने वालों को आज बड़ा धन लाभ होगा, घर में सुख ङ्क सुविधाओं की बढ़ोतरी होगी। आज आपका दोस्त आपसे मदद मांग सकता है , उसकी मदद करके आपको खुशी मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, जिससे आज आप अच्छे से काम कर पायेंगे।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन संभावनाओं से भरा रहने वाला है। जिन व्यक्तियों को रोजगार की तलाश है, उनको आज बढ़िया अवसर प्राप्त होंगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज आप नया फर्नीचर खरीद सकते हैं, जिससे घर भरा ङ्क भरा और आकर्षक प्रतीत होगा। आपके घर में नन्हे मेहमान का आगमन होने वाला है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आज आप व्यापारिक मामलों में किसी भी व्यक्ति को हस्तक्षेप न करने दें, अपने विवेक से काम लें। आज उधार के लेनदेन से बचें और अपने खर्चो पर नियंत्रण रखें। आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चों की तरफ से कुछ एक्स्ट्रा जिम्मेदारी आपको संभालनी पड़ सकती है।

**मकर**
आज आपका दिन लाभप्रद बना रहेगा। आपके काम में आ रही रुकावट आज दूर होगी और आपको अन्य स्त्रोतों से भी आय की प्राप्ति होगी। जो व्यक्ति किसी क़ानूनी मामलों में उलझे हुए हैं, उनको आज राहत मिलने की संभावना है। आज आप माता ङ्क पिता के साथ मंदिर दर्शन करने जायेंगे, जिससे मन को शांति मिलेगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में बड़ा धन लाभ होगा, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। इस राशि के छात्र पढ़ाई में कड़ी मेहनत करेंगे, जिसके जल्द ही उनको बढ़िया परिणाम देखने को मिलेंगे। आप स्वास्थ्य का ध्यान रखें और अपनी दिनचर्या में योग एवं व्यायाम को शामिल करें।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आप काम को पूरी ईमानदारी और शिद्दत से करने का प्रयास करेंगे, जिसमें सहकर्मियों का योगदान भी रहेगा। किसी कोर्ट-कचहरी के केस में आज आपको जीत मिलने के योग बन रहें हैं। आज अचानक घर पर मेहमानों के आने से घर की महिलाओं का काम बढ़ सकता हैं।



# नर्मदा से शिव कोकड़ी निकले कावड़ यात्रा

**सावन में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी कावड़ यात्रा में**

गंडई पंडरिया (दावा)। नर्मदा कुंड से पवित्र जल भरकर कांवड़ियों ने शिवकोकड़ी के शिवालय के लिए कावड़ यात्रा में निकले कावड़ यात्रा भगवान शिव के भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ यात्रा है। इस यात्रा में भक्त अपने कंधों पर कांवड़ लेकर पवित्र गंगाजल लाते हैं और शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं। यह यात्रा सावन के महीने में होती है, जो भगवान शिव को समर्पित माना जाता है। कांवड़ियों के लिए यह यात्रा बहुत कठिन और चुनौतीपूर्ण होती है क्योंकि यह पूरी यात्रा पैदल ही की जाती है। हर साल हजारों भक्त नर्मदा, कुंड से पवित्र जल और अन्य पवित्र स्थानों से गंगाजल लाकर अपने क्षेत्र के शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, सावन माह भगवान शिव की आराधना का विशेष समय होता है और कांवड़ यात्रा इसी माह के दौरान शुरू होती है

कावडियों ने बताया कांवड़ यात्रा का बहुत महत्व बाते प्रति वर्ष हजारों श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए इस पवित्र पावन यात्रा के लिए निकलते हैं और अपने अभिष्ट संकल्पित शिवलिंग पर जल चढ़ाते हैं। श्रावण या सावन का महीना शिव भक्तों के लिए बेहद खास होता है।

हिन्दू धर्म साहित्य के अनुसार सम्पूर्ण श्रावण मास भगवान शिव अपनी ससुराल राजा दक्ष की नगरी कनखल, हरिद्वार में निवास करते हैं। भगवान विष्णु के शयन में जाने के कारण तीनों लोक की देखभाल भगवान शिव ही करते हैं। इस प्रचलित धार्मिक कारण से कांवड़ यात्री श्रावण मास में पवित्र जल लेने नर्मदा कुंड आते हैं। सावन में हजारों कांवड़ यात्री भोरामदेव ,शिवकोकड़ी जाते हैं और पवित्र जल अपने कांवड़ में भरकर पैदल यात्रा शुरू करते है।

हिन्दू धर्म में प्रचलित मान्यताओं के अनुसार सर्वप्रथम भगवान परशुराम ने कांवड़ यात्रा का शुभारंभ किया था। उन्होंने सर्वप्रथम कांवड़ में जल भरकर पुरा महादेव का गंगाजल से जलाभिषेक किया था। कुछ विद्वानों का मानना है कि श्रवण कुमार सबसे पहले कांवड़ यात्री थे, उन्होंने त्रेतायुग में माता पिता को कावड़ में बैठा कर पैदल तीर्थ यात्रा की थी। जब श्रवण कुमार अपने माता पिता को तीर्थ यात्रा करा रहे थे, तब उनके अंधे माता पिता ने हरिद्वार में गंगा स्नान करने की इच्छा जताई। माता पिता की इस इच्छा को पूरी करने के बाद श्रवण कुमार लौटते समय अपने साथ गंगाजल ले गए और भगवान शिव का अभिषेक किया था, यहीं से कावड़ यात्रा की शुरुआत मानी जाती है। माना जाता है कि प्रभु श्रीराम ने भी कावड़ यात्रा की थी। उन्होंने अपनी कांवड़ में सुल्तानगंज से जल भरा था और बाबाधाम में भगवान शिव का जलाभिषेक किया था। रावण भी महान शिवभक्त था उसने भी कांवड़ में जल भरकर पूरा महादेव का अभिषेक किया था।

कांवड़ यात्रा बहुत हिम्मत का काम है, गंगाजल भरने से लेकर उसे शिवलिंग पर अभिषेक करने तक का पूरा सफर भक्त पैदल, नंगे पांव करते हैं, चलते-चलते कई बार पैरों में छाले भी पड़ जाते हैं, लेकिन शिवभक्त हार नहीं मानते हैं। यात्रा के दौरान किसी भी तरह के नशे या मांसाहार की मनाही होती है। किसी को अपशब्द भी नहीं बोला जाता। स्नान किए बगैर कोई भी भक्त कांवड़ को छूता नहीं है। यात्रा के दौरान कंघा, तेल, साबुन आदि का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। यात्रा के समय चमड़े की किसी चीज का स्पर्श, गाड़ियों का इस्तेमाल, चारपाई पर बैठना, ये सब कांवड़ियों के लिए वर्जित होता है। कांवड़ को किसी पेड़ के नीचे भी नहीं रखते। शिवभक्त अपने पूरे सफर के दौरान बोल बम या जय-जय शिव शंकर महादेव का उच्चारण करते हुए आगे बढ़ते हैं। कांवड़ को कंधे से अपने सिर के ऊपर से पार कराना भी गलत माना जाता है। संतान की बाधा व उनके विकास के लिए, मानसिक प्रसन्नता हेतु, मनोरोग के निवारण के लिए, आर्थिक समस्या के समाधान हेतु कावड़ यात्रा शीघ्र व उत्तम फलदायी है। कावड़ यात्रा किसी भी जलस्रोत से किसी भी शिवधाम तक की जाती है।

कांवड़ यात्रा के समय यात्री को सुगमता रहे, इस तरह की मार्ग में व्यवस्था करना चाहिए। यात्राकर्ता को साधारण नहीं समझ करके विशेष भक्त समझकर उसके प्रति सम्मान व आस्था रखनी चाहिए। यात्री की सेवा करने का फल भी यात्रा करने के समान है इसलिए उसकी सेवा अवश्य करनी चाहिए। यात्री को व जल पात्र को पूजन या नमस्कार अवश्य करना चाहिए, ऐसा कोई कर्म नहीं करना चाहिए जिससे कावड़ यात्री को कष्ट या दुःख पहुंचे। यात्रा से व्यक्ति के जीवन में सरलता आकर उसकी संपूर्ण कामनाओं की पूर्ति होती है। यात्रा प्रारंभ करने से पूर्ण होने तक का सफर पैदल ही तय किया जाता है।

इसके पूर्व व पश्चात का सफर वाहन आदि से किया जा सकता है। इस यात्रा के लिए श्रद्धा विश्वास के अतिरिक्त पैदल चलने की आवश्यकता है, यात्रा की दूरी व्यक्ति की आस्था के कारण समाप्त हो जाती है और भक्त की यही आशा शिवजी पर जल अर्पण करते समय रहती है कि यह अवसर जीवन में बार बार आता रहे, यही वर भगवान भोला भंडारी से सबको प्राप्त हो। सावन के सभी सोमवार शिव भक्तो के लिए आस्था का दिन माना जाता है, सोमवार भोले का दिन होता है इस दिन श्रद्धालु शिवालय मे जल चढ़ाने पहुंचते रहे है।

## पहला कॉलम...

### उमरवाही क्षेत्र में यूरिया खाद की कमी



(राजेश मेश्राम)

जोंधरा (दावा)। उमरवाही क्षेत्र में यूरिया खाद की कमी के चलते क्षेत्र के किसानो को अपनी कृषि कार्य को करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, परेवाडीह पंचायत के सरपंच गैंदलाल सिन्हा ने प्रतिनिधि को बताया कि वो अब से सात दिन पहले यानि 14 जुलाई को अपना पर्चा स्थानीय सेवा सहकारी समिति उमरवाही में यूरिया खाद के लिए जमा कर चुके हैं, पर आज सात दिन बीत जाने के बाद भी उन्हें खाद अप्राप्त है, ग्रामीण मलेश कुंजाम, सुन्दरलाल भुआर्य, ओमप्रकाश जैते, पुनाराम ठाकुर, भोलाराम निषाद, श्रवणलाल चिण्डा, ने भी खाद की समस्या को क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या बताया है। साथ ही उन्होंने शीघ्र ही शासन से खाद की किल्लत को दूर करने की मांग की है।

### कराते बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में बच्चों ने दिखाया दम

डोंगरगांव (दावा)। नगर में संचालित श्री स्किल्स अकैडमी में



कराते बेल्ट ग्रेडिंग एग्जाम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया. इस अवसर पर अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने अकैडमी में पहुँचकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और अकैडमी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और अनुशासन का विकास होता है. इस गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन अकैडमी के डायरेक्टर तोषण कुमार, कराते ब्लैक बेल्ट डाकेश्वर वर्मा तथा मुख्य प्रशिक्षक दुलेश्वर देवांगन के कुशल मार्गदर्शन में किया गया. बेल्ट ग्रेडिंग एग्जाम में प्रतिभागी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें ऑरेंज बेल्ट प्राप्त करने वाले बच्चों में पलक साहू, मानवी साहू और चेतन आनंद का नाम शामिल है. वहीं येलो बेल्ट की श्रेणी में खुशी यादव, मोनाली यादव, रोशनी साहू, तेजल साहू, पाखी, ऋषिका, ख्याति, राजश्री, जया साहू, चारुनिधि, तुषार सिन्हा, आदित्य, काव्या, युवराज, तक्षराज, अंशुल, हरसुखमन एवं वंशिका शामिल रहे. कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों व खेलप्रेमियों की उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा।

### मनेरी स्कूल में 'एक पेड़ माँ के नाम' किया पौधरोपण



डोंगरगांव (दावा)। आज सावन माह के द्वितीय सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मनेरी में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण किया गया। संकुल समन्वयक नीलमणी साहू ने बताया कि स्कूल परिसर में अब तक विभिन्न प्रजातियों के करीब 50 पौधरोपण जा चुका है। इस दौरान मनेरी स्कूल के संकुल समन्वयक नीलमनी साहू, प्रधान पाठक भंवरलाल देवांगन, विनोद शर्मा, खेमलता खरे, भुनेशवरी कोर्राम आदि शिक्षकों ने विशेष सहयोग कर, छात्र-छात्राओं को एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण करने पर बल दिया।

### कविता वर्मा का प्रयास विद्यालय में चयन



खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घोंगीडाबरी की छात्रा कुमारी कविता वर्मा का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर में हुआ, उनके इस उपलब्धि पर शाला के प्रधान पाठक राजेंद्र कुमार वर्मा, शिक्षक लालचंद वर्मा, प्रकाश कंवर, लोकचंद साहू, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक नीलम सिंह नायक एवं शाला विकास समिति के सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए उनके इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कुमारी कविता वर्मा के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## आईआईटी-जेईई एवं नीट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग का किया जा रहा संचालन

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशन में आईआईटी-जेईई एवं नीट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कक्षा 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शनिवार एवं रविवार को निःशुल्क कोचिंग एवं आवश्यक मार्गदर्शन दिया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए कक्षाओं का संचालन हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में अलग-अलग किया जा रहा है। अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएं पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव तथा हिन्दी माध्यम की कक्षाएं डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी विकासखंडों में 15 अगस्त से निःशुल्क कक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी।

## कांवड़ यात्रा में शामिल हुए जनप्रतिनिधि व समाजसेवी



**क्षेत्र की नदियों में कांवड़ यात्रियों की बढ़ रही है भीड़**

डोंगरगांव (दावा)। श्रावण मास में भगवान शिव को प्रसन्न करने क्षेत्रवासी समीपस्थ नदियों में पहुंच रहे हैं और कांवड़ यात्रा निकालकर अपनी भक्ति और एकजुटता को दिखाने का प्रयास कर रहे हैं. डोंगरगांव के विभिन्न शिव मंदिरों से जुड़े भक्तजन घुमरिया नदी से लेकर शिवनाथ नदी तक सुमधुर भजनों के साथ कांवड़ यात्रा निकाल रहे हैं. इसी क्रम में सावन के व्दितीय सोमवार को भी कांवड़ यात्रा निकाली गई, जिसमें शिवनाथ नदी से जल लेकर महाकाल मंदिर के द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक किया. शहर के वार्ड 12 साकेतधाम एवं वार्ड 14 मटिया से कांवड़ यात्रा प्रातः 7 बजे जय महाकाल, बोल बम के उद्घोष के साथ निकाली गई जो कि शिवनाथ नदी पहुंची वहीं सिनेमा लाईन स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर से निकली कांवड़ यात्रा बरगांव स्थित घुमरिया नदी पहुंचकर विविधत जल लेकर वापस मंदिर पहुंची और महादेव का जलाभिषेक किया.

साकेतधाम और मटिया से निकाली गई कांवड़ यात्रा में सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीना पटेल सम्मिलित हुए. इस मौके पर पार्षद पुरुषोत्तम साहू, पूसउ पटेल, घनश्याम हिरवानी, तोरण साहू, नूतन साहू, सुरेश साहू, इंद्र, अक्कू, अक्षय, तुषार, नरेश, अमित, एन.के.लहरे, रामा निर्मलकर, केशव साहू सहित लगभग 300 यात्री शामिल हुए जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएँ और बच्चे भी शामिल रहे.

## ग्राम खैरझिटी में किया गया वृहद वृक्षारोपण



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम खैरझिटी अंतर्गत स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। यह वृक्षारोपण कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेट्स एवं स्थानीय ग्रामवासियों के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसमें ग्राम के अंतर्गत 500 पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें से 300 पौधों के रोपण का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। वृक्षारोपण करने वाले कैडेट्स एवं छात्रों के साथ मुख्य रूप से रिभय मधुसूदन यादव, समाजसेवी मनीष जैन एवं साथीगण करन कोसरे, मयंक मेश्राम, प्रशांत रजक, रिषभ मल सहित एन.एस.एस. (राष्ट्रीय सेवा योजना) के मोरध्वज ठाकुर, ग्राम सरपंच नेमुराम वर्मा व बड़ी संख्या में स्थानिक ग्रामवासी उपस्थित रहे। वृक्षारोपण के उपरांत छात्रों एवं एनएसएस के कैडेट्स ने स्थानीय ग्रामवासियों को नवरोपित पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित किया तथा सभी ने इन पौधों की सुरक्षा करके इन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प लिया।

## हरियाली बाहिनी अभियान : खपरीखुर्द से सुकुलदैहान तक 1000 करंज पौधे लगाने की मुहिम शुरू



राजनांदगांव (दावा)। 'हरियाली बाहिनी अभियान' के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आय का जरिया बनाने और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से सड़क किनारे करंज के पौधे लगाने की मुहिम जोर पकड़ रही है। बीते रविवार को खपरीखुर्द से सुकुलदैहान तक 1000 करंज के पौधे लगाने की शुरुआत की गई। जिसमें सरपंच और ग्रामवासी महिला समूहों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज इस अभियान के तहत ठेलकाडीह से सिरसाही तक 1000 करंज के पौधे लगाए गए। इस कार्य में जनपद सदस्य भूपेंद्र सिंह बघेल का विशेष सहयोग रहा। जिससे अभियान को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया गया। महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए पद्मश्री फुलबासन यादव भी इस मुहिम में शामिल हुई। श्रीमती यादव ने गांव-गांव जाकर महिलाओं और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर करंज के पौधे लगाए।

'हरियाली बाहिनी अभियान' के प्रमुख शिव कुमार देवांगन ने बताया कि इस पौधरोपण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में हरियाली लाने के साथ-साथ ग्रामीणों के लिए आय का साधन उत्पन्न करना है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों से केसर आम के पौधे भी कम दरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि उनसे आय प्राप्त हो सके। इस साल करंज के पौधों को भी इस अभियान में शामिल किया गया है।

श्री देवांगन ने बताया कि आम के पौधों को घरों से लगी बाड़ी या सुरक्षित क्षेत्रों में लगाकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस वर्ष सड़क किनारे करंज के पौधे लगाए गए हैं। करंज के बीजों से लगभग 7 वर्ष बाद आय प्राप्त होना शुरू हो जाएगी और इन्हें कोई जानवर भी नुकसान नहीं पहुंचाता। इस अभियान के फायदों को जानकर गांवों में बड़े उत्साह के साथ पौधरोपण किया जा रहा है। इस दौरान राजेश साहू, जानिया साहू, विनोद साहू, जनपद सदस्य मंजू, सरपंच पचपेड़ी शिशुपाल, सरपंच विचारपुर मंजू पटेल, सरपंच चारभाटा देवकी गंजीर, सरपंच गातापार अर्जुन सिंग, सरपंच सिरसाही प्रमिला गंधर्व, सरपंच ठेलकाडीह, पंचायत सचिव साधना चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में महिला समूह और पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## यशोदा संस्कार विद्या मंदिर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय यशोदा संस्कार विद्या मंदिर सुकुलदैहान (अंग्रेजी माध्यम स्कूल) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से प्रेरित होकर और जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार बघेल के निर्देशानुसार एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण के महत्व के बारे में शिक्षित करना और स्कूल परिसर को हरा-भरा बनाना था। छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। जिनमे छायादार और फलदार वृक्ष शामिल थे। छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ गड्ढे खोदे, पौधे लगाए और मिट्टी डाली। शिक्षकों ने भी छात्रों को पौधों की देखभाल करने और उनके महत्व के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर उपस्थित जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल, जिला अध्यक्ष उमेश हथेल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र गोलछा और जिला समन्वयक मयूख जी ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और उन्हें प्रकृति से जोड़ने का एक बेहतरीन तरीका है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने पेड़ों से होने वाले लाभों के बारे में सीखा, जैसे ऑक्सीजन प्रदान करना, वायु को शुद्ध करना और मिट्टी के कटाव को रोकना। स्कूल परिसर को हरा-भरा बनाने के अलावा यह कार्यक्रम छात्रों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित करता है।

संस्था की प्राचार्या श्रीमती ईश्वरी वैष्णव ने भी छात्रों को पेड़ों के महत्व के बारे में बताया और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। संस्था की डायरेक्टर श्रीमती राजराजेश्वरी वैष्णव ने स्कूल परिसर को हरा-भरा रखने का संदेश दिया और छात्रों को हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने और छात्रों को प्रकृति के महत्व को समझाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा : व्यापमं ने जारी किए महत्वपूर्ण निर्देश, 27 को खैरागढ़ में भी होगी परीक्षा

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा नवगठित जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए, इस जिले में भी अब व्यापम की परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। जिले में परीक्षाओं का आयोजन जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। व्यापम से प्राप्त नवीन दिशा-निर्देशों के अनुसार आगामी 27 जुलाई को आयोजित होने वाली आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को निम्नलिखित बातों का विशेष ध्यान रखना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचे। जिससे उनका प्रिस्किंग (जांच) एवं पहचान पत्र का सत्यापन समय पर किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा।

परीक्षार्थी परीक्षा में आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आएं। फुटवियर के रूप में केवल चप्पल की अनुमति है। किसी भी प्रकार का आभूषण पहनना वर्जित है। विशेष रूप से कान के आभूषण नहीं पहनें। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, डिजिटल घड़ी, पर्स, बेल्ट, टोपी, स्कार्फ, पाउच आदि ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। प्रवेश पत्र संबंधी निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के सभी पेजों का प्रिंट केवल एक ओर से निकालें, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु एक प्रति परीक्षा केंद्र में जमा करनी होगी। यदि डाउनलोड किए गए प्रवेश पत्र में फोटो स्पष्ट नहीं है, तो परीक्षार्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लेकर आएं। साथ ही परीक्षार्थी को मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र जैस-मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड या आधार कार्ड में से कोई एक दस्तावेज अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी। निर्देशों का उल्लंघन करने की स्थिति में परीक्षार्थी को परीक्षा से वंचित किया जा सकता है। अतः परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी इन दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करें।

### तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस का आज हल्लाबोल, खैरागढ़ में चक्काजाम और धरना प्रदर्शन

खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार और ई.डी. की कार्यप्रणाली के खिलाफ कांग्रेस पार्टी आज 22 जुलाई को खैरागढ़ में जिला स्तरीय धरना, प्रदर्शन एवं चक्काजाम करेगी। यह विरोध प्रदर्शन टैम्पो चौक खैरागढ़ में दोपहर 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य भाजपा सरकार द्वारा कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के विरुद्ध की जा रही द्वेषपूर्ण कार्यवाहियों का विरोध करना है। इस आयोजन में जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस सहित समस्त मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि एकजुट होकर हिस्सा लेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने बताया कि यह आंदोलन भाजपा सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति और लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग के खिलाफ है। हमारे नेता और कार्यकर्ता झुकेंगे नहीं, हम लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़क पर उतरेंगे।

## समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद छुईखदान द्वारा सावन उत्सव व सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन



छुईखदान (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई ब्राह्मण सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् की जिला कार्यकारिणी की सहयोगी बहनों द्वारा हरित माह सावन के उपलक्ष्य में रविवार को दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में रामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ सहित सावन उत्सव का आयोजन किया। परिषद् की जिलाध्यक्ष श्रीमती डॉली तिवारी एवं जिला सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सुहागन बहनों को श्रृंगार प्रसाधन सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया गया, इसके बाद सामूहिक सुंदरकांड के पाठ से पूरा वातावरण श्रद्धा एवं भक्तिमय हो गया था।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रूपा उपाध्याय, जिला संगठन विस्तार प्रमुख श्रीमती शैल शर्मा सहित श्यामा तिवारी, मीना तिवारी, अंजू तिवारी, श्रद्धा तिवारी, विमला शर्मा, सरिता शर्मा, रेणु त्रिपाठी, रेणु चौबे, कविता चौबे, श्रद्धा दुबे, रोहिणी शर्मा, अर्चना दुबे, कविता सिंह, खुशबू सिंह आदि बहनों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में गायत्री मंदिर के पुजारी और वहाँ की कार्यकर्ता बहनों का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। इस आयोजन में क्षेत्र की बड़ी संख्या में स्वजातीय एवं सनातनी बहनों ने श्रद्धा के साथ सहभागिता निभाई।

# पहला कॉलम...

## नितीश रेड्डी शेष सीरीज से हुए बाहर

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 23 जुलाई से खेले जाने वाले चौथे टेस्ट से पहले बड़ा झटका लगा है। टीम के ऑलराउंडर नितीश रेड्डी चोट के चलते सीरीज के शेष 2 मैचों से बाहर हो गए हैं। रेड्डी चौथे टेस्ट से पहले जिम में ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लगवा बैठे थे। इसी तरह तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी चोट के कारण चौथे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने इसकी पुष्टि की है।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी बाएं घुटने की चोट के कारण बाकी 2 टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। वह स्वदेश लौटेंगे। टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है। उन्होंने बताया कि अर्शदीप सिंह चौथे टेस्ट मैच से बाहर रहेंगे। अभ्यास सत्र के दौरान उनके बांए अंगूठे में चोट लगी थी। पुरुष चयन समिति ने अंशुल कंबोज को टीम में शामिल किया है।

रेड्डी को मौजूदा सीरीज के 2 मैचों में खेलने का अवसर मिला। उन्होंने बर्मिंघम टेस्ट में दोनों पारियों में 1 और 1 रन के स्कोर किए थे। दूसरी तरफ गेंदबाजी में वह कोई विकेट नहीं ले सके थे। इसके बाद लॉर्ड्स टेस्ट में उन्होंने बल्लेबाजी में सुधार करते हुए 30 और 13 रन के स्कोर किए थे। दाएं हाथ के इस ऑलराउंडर ने गेंदबाजी में कुल 3 विकेट (2/62 और 1/20) लिए थे।

## शेयर बाजार : सेंसेक्स 443 और निफ्टी 122 अंक में आई उछला

नई दिल्ली। आज हफ्ते के पहले दिन भारतीय शेयर बाजार अच्छी बढ़त के साथ बंद हुए। सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 442.61 अंकों (0.54त्न) की बढ़त के साथ 82,200.34 अंकों पर बंद हुआ। इसी तरह, आज एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 122.30 अंकों (0.49त्न) की तेजी के साथ 25,090.70 अंकों पर बंद हुआ। बताते चलें कि पिछले हफ्ते शुक्रवार को बाजार ने बड़ी गिरावट के साथ कारोबार बंद किया था। शुक्रवार को सेंसेक्स 501.51 अंक (0.61 प्रतिशत) टूटकर 81,757.73 अंकों पर और निफ्टी 143.05 अंक (0.57 प्रतिशत) गिरकर 24,968.40 पर बंद हुआ था। सोमवार को सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 12 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह, निफ्टी 50 की 50 में से 28 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और 21 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ लाल निशान में बंद हुए, जबकि एक कंपनी का शेयर आज बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एटरनल के शेयर सबसे ज्यादा 5.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर आज सबसे ज्यादा 3.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

## इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की बिगड़ी तबीयत

तेल अवीव। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तबीयत बिगड़ गई है। आंतों में सूजन आने के बाद नेतन्याहू घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। पीएम नेतन्याहू के कार्यालय ने इस बारे में जानकारी दी है। इसमें बताया गया है कि खराब खाने की वजह से उनकी आंतों में सूजन आ गई है। नेतन्याहू ने डॉक्टरों का ने बताया कि पीएम की जांच की गई है और डिहाइड्रेशन की वजह से उन्हें तरल पदार्थ दिए जा रहे हैं। फिलहाल, उनकी हालत बेहतर है। डॉक्टरों की सलाह के बाद नेतन्याहू अगले कुछ दिनों तक घर पर आराम करेंगे और यहीं से सरकारी कामकाज भी करेंगे। बेंजामिन नेतन्याहू की उम्र 75 साल है और इन्हें पहले भी कई बार स्वास्थ्य समस्याएं हो चुकी हैं। लेकिन, चौंकाने वाली बात यह है कि नेतन्याहू देश के प्रधानमंत्री हैं और उन्हें खराब खाना कैसे परोसा जा सकता है। वैसे इससे पहली उनकी प्रोस्टेट सर्जरी की भी गई थी। नेतन्याहू के बीमार होने पर न्याय मंत्री यारिव लेविन ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। साल 2023 में डॉक्टरों ने हार्ट की समस्या को दूर करने के लिए उनकी सर्जरी भी की थी।

## अलास्का और ताजिकिस्तान में लगे भूकंप के तेज झटके

नई दिल्ली। अलास्का और ताजिकिस्तान दोनों देशों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। अलास्का में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया, जबकि ताजिकिस्तान में 4.6 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। सोमवार को अलास्का में भारतीय समयानुसार, सुबह 03¬58¬02 बजे 6.2 तीव्रता का भूकंप आया।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ( ह्रष्टस्) के अनुसार, भूकंप की गहराई 48 किमी थी। इसका केंद्र 54.99 उत्तरी अक्षांश और 159.98 पश्चिमी देशांतर पर अलास्का प्रायद्वीप में स्थित था। इससे पहले 17 जुलाई को भी अलास्का में रिक्टर पैमाने पर 7.3 तीव्रता का एक बड़ा भूकंप आया था। यह भूकंप भारतीय समयानुसार, सुबह 02¬07¬42 बजे आया था और इसकी गहराई 36 किमी थी। इसका केंद्र 54.91 उत्तरी अक्षांश और 160.56 पश्चिमी देशांतर पर अलास्का प्रायद्वीप में स्थित था।

# ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से धोया



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से धो डाला। टीम की इस जीत के नायक डेब्यूटेंट माइकल ओवेन रहे। ओवेन ने गेंदबाजी में कैरेबियाई टीम के कप्तान शाई होप का बड़ा विकेट लेने के साथ-साथ बल्ले से जमकर धमाल मचाया। ओवेन ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 27 गेंदों पर 50 रन ठोके। अपनी इस इनिंग के दौरान उन्होंने 6 गगनचुंबी सिक्स जमाए। ओवेन ने डेब्यू मुकाबले में ही शानदार खेल दिखाते हुए रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा डाली है।

माइकल ओवेन टी-20 इंटरनेशनल में डेब्यू करते हुए किसी फुल मेंबर देश के खिलाफ फिफ्टी के साथ एक विकेट चटकाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने रेसी वेन डर डुसेन का 16 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाला है। नंबर छह पर बल्लेबाजी करने उतरे माइकल ओवेन के आगे वेस्टइंडीज का बॉलिंग अटैक पूरी तरह से बेबस नजर आया। 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर कैमरून ग्रीन के आउट होने के बाद कंगारू टीम मुश्किल में थी। ऐसे में ओवेन टीम के लिए संकटमोचक बनकर आए और उन्होंने अपनी इनिंग से मैच का पूरा रुख ही पलटकर रख दिया।

माइकल ओवेन ऑस्ट्रेलिया की ओर से टी-20 इंटरनेशनल में डेब्यू करते हुए अर्धशतक जमाने वाले महज तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। ओवेन से पहले यह कारनामा कंगारू टीम की ओर से सिर्फ रिकी पोंटिंग और डेविड वॉर्नर ही कर सके हैं।

बिग बैश लीग में धांसू प्रदर्शन के बाद ओवेन को पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2025 के लिए अपनी टीम से जोड़ा था। वह ग्लेन मैक्सवेल के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम से जुड़े थे। लगातार दमदार प्रदर्शन के चलते ओवेन कंगारू टीम में भी अपनी जगह बनाने में सफल रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 189 रन लगाए, जिसको कंगारू टीम ने 7 विकेट गंवाकर 7 गेंदें शेष रहते हुए हासिल कर लिया।

## मचेल ओवेन टी20आई डेब्यू में अर्धशतक जड़ने वाले सिर्फ तीसरे ऑस्ट्रेलियन बल्लेबाज बने

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में मेजबान वेस्टइंडीज का 3-0 से क्लीन स्वीप करने के बाद टी20आई सीरीज का आगाज भी धमाकेदार अंदाज में किया है। किंग्स्टन के सबीना पार्क में खेले गए पहले टी20आई मैच में ऑस्ट्रेलिय ने डेब्यूटेंट मिचेल ओवेन की तूफानी पारी की बदौलत वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हरा दिया। मिचेल ओवेन ने अपने करियर के पहले ही टी20आई मैच में धमाकेदार अर्धशतक जड़ने का कारनामा किया। इस तरह उन्होंने रिकी पोंटिंग और डेविड वॉर्नर के स्पेशल क्लब में जगह बना ली।



दरअसल, मिचेल ओवेन टी20आई डेब्यू में अर्धशतक जड़ने वाले सिर्फ तीसरे ऑस्ट्रेलियन बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले सिर्फ रिकी पोंटिंग और डेविड वॉर्नर ने यह बड़ा कारनामा किया था। ओवेन के नाम ऑस्ट्रेलिया की ओर से टी20आई डेब्यू में तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है। 23 साल के मिचेल ओवेन ने महज 27 गेंदों पर 50 रनों की पारी खेली, जिसमें 6 गगनचुंबी छक्के जड़े। ओवेन को कैमरून ग्रीन का भरपूर साथ मिला। ग्रीन ने भी 26 गेंदों पर 51 रनों की तूफानी पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 2 चौके और 5 छक्के जड़े।

## भारत ने फिर नेपाल क्रिकेट की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

नई दिल्ली। क्रिकेट सहयोग ने भारत और नेपाल के बीच गहरे और सदियों पुराने ऐतिहासिक संबंधों में एक नया आयाम जोड़ा है, जो दोनों देशों के युवाओं को क्रिकेट के प्रति साझा जुनून के माध्यम से जोड़ता है. इस सहयोग के तहत, भारत सरकार नेपाल को क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने और भारत में नेपाली क्रिकेटरों को प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करने में सहायता कर रही है.



पिछले दो वर्षों में भारत सरकार और बीसीसीआई ने इस प्रयास में नेपाल क्रिकेट संघ (सीएएन) के साथ मिलकर काम किया है. भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने जनवरी 2024 में नेपाल की पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम और सीएएन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और नेपाल में क्रिकेट के विकास के लिए भारत के समर्थन से अवगत कराया.

भारत सरकार के सहयोग से, बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, अक्टूबर 2025 में ओमान में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए 20 अगस्त से 4 सितंबर 2025 तक नेपाल की पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के प्रशिक्षण शिविर की मेज़बानी करेगा. भारत सरकार ने इससे पहले अगस्त 2024 में बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में नेपाल की राष्ट्रीय पुरुष क्रिकेट टीम के प्रशिक्षण का समर्थन किया था.

नेपाल ने जून 2024 में आयोजित होने वाले आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप से पहले अप्रैल 2024 में बड़ौदा और गुजरात क्रिकेट संघों की टीमों के खिलाफ एक त्रिकोणीय टी20 अभ्यास टूर्नामेंट में भाग लिया था. भारत सरकार ने आईसीसी अंडर 19 विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी में नेपाल की सहायता के लिए मार्च 2025 में नेपाल की अंडर-19 टीमों और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ की टीम के बीच नेपाल में अभ्यास टूर्नामेंट का समर्थन किया था. नेपाल की महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम ने मई 2025 में थाईलैंड में होने वाले आईसीसी महिला एशिया विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए अप्रैल-मई 2025 में दिल्ली में आयोजित एक तैयारी शिविर में भाग लिया. नेपाल क्वालीफायर के फाइनल में पहुँच गया.

## पाकिस्तानी हॉकी खिलाड़ियों को भारत नहीं भेजेगा

नई दिल्ली। पाकिस्तान टीम को भारत आने में डर लग रहा है। पड़ोसी मुल्क ने एशिया कप में अपनी हॉकी टीम को भेजने से इनकार कर दिया है। पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन को लेटर लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि वह अपनी टीम को भारत नहीं भेज जाएंगे। पाकिस्तान का कहना है कि भारत में उनके खिलाड़ियों को खतरा है और वह प्लेयर्स की सुरक्षा को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहते हैं। गौरतलब है कि पहलगाम में हुए भारतीय पर्यटकों पर हमले के बाद से दोनों देशों के रिश्तों में काफी कड़वाहट आई है।



भारत सरकार द्वारा चलाए गए च्ऑपरेशन सिंदूरज् के बाद पड़ोसी मुल्क बुरी तरह से बौखला गया था। इसके बाद भारत-पाकिस्तान ने खेल के मैदान पर भी एक-दूसरे का बायकॉट करने का ऐलान किया था। हाल ही में इंग्लैंड की सरजमीं पर खेली जा रही वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 में भारतीय प्लेयर्स ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलने से इनकार कर दिया था, जिसकी वजह से मुकाबले को रद्द करना पड़ा था।

पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने एफआईएच के साथ-साथ एशियन हॉकी फेडरेशन को भी लेटर लिखकर अपनी टीम को भारत ना भेजने की बात कही है। पाकिस्तान ने कहा है कि भारत जाने पर उनके प्लेयर्स को खतरा है और सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए वह अपनी टीम को पड़ोसी मुल्क भेजने में असमर्थ होंगे। पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन के प्रमुख तारीख बुगती ने बताया है कि उन्होंने दोनों देशों के बीच बिगड़े हालातों को देखते हुए एफआईएच और एएचएफ को लेटर लिखा है।

उन्होंने फेडरेशन को अवगत कराया है कि उनकी हॉकी टीम एशिया कप 2025 में भाग लेने के लिए भारत नहीं जाना चाहती है। हॉकी एशिया कप की मेजबानी इस बार भारत के पास है। टूर्नामेंट की शुरुआत 27 अगस्त से होनी है और फाइनल मुकाबला 7 सितंबर को खेला जाना है। इंग्लैंड की धरती पर वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है। इस लीग में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह चुके प्लेयर्स हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट के शेड्यूल के हिसाब से 20 जुलाई को भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत होनी थी, जिसका इंतजार हर कोई कर रहा था।

## इजरायल ने हमास के कमांडर को किया ढेर, 75 आतंकी ठिकानों पर किया हमला

तेल अवीव - इजरायली रक्षा बलों ने रविवार को घोषणा की कि उन्होंने हमास के हथियार उत्पादन मुख्यालय में उसके विकास एवं परियोजना विभाग के कमांडर बशर थाबेत को मार गिराया है। थाबेत कथित तौर पर हमास के हथियार निर्माण उपकरणों में अनुसंधान एवं विकास के लिए जिम्मेदार था। आईडीएफ ने कहा कि उन्होंने आतंकवादी ढांचे, आतंकवादियों और सुरंगों का पता लगाकर उन्हें नष्ट कर दिया है। इस हमले में इजरायली वायु सेना (द्धद्रस्न) भी इसमें शामिल रही, जिसने आतंकवादियों के सैन्य परिसरों और अन्य आतंकवादी ढांचों सहित लगभग 75 आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया है।



आईडीएफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷मारा गया बशर थाबेत, हमास के हथियार उत्पादन मुख्यालय में विकास और परियोजना विभाग का एक कमांडर था। वह हमास के हथियार निर्माण तंत्र में अनुसंधान और विकास के लिए जिम्मेदार था, जो उनके हथियारों के भंडार को बहाल करने और बढ़ाने के लिए काम करता था।÷ पोस्ट में आगे कहा गया, ÷आईडीएफ सैनिकों ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे, आतंकवादियों और सुरंग का पता लगाया और उन्हें नष्ट कर दिया। भारतीय वायुसेना ने उन आतंकवादी समूहों को निशाना बनाया जो आईडीएफ सैनिकों पर हमला करने वाले थे और लगभग 75 आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, जिनमें आतंकवादी सैन्य परिसर और अतिरिक्त आतंकवादी बुनियादी ढांचा शामिल था।

## भारत में 23 साल बाद होगा वर्ल्ड कप का आयोजन

नई दिल्ली। भारत में शतरंज प्रेमियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। 23 सालों के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर देश को शतरंज वर्ल्ड कप 2025 की मेजबानी मिल गई है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 30 अक्टूबर से 27 नवंबर के बीच खेला जाएगा। आयोजन स्थल की आधिकारिक घोषणा जल्द की जाएगी।



शतरंज की वैश्विक संस्था फिडे (स्नढ्ढष्ठश्व) ने 21 जुलाई को इस बात की पुष्टि की कि 2025 का वर्ल्ड कप भारत में आयोजित होगा। इस टूर्नामेंट में 206 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जो वर्ल्ड कप खिताब के साथ-साथ 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने के लिए मुकाबला करेंगे।

भारत ने इससे पहले 2002 में हैदराबाद में इस प्रतियोगिता की मेजबानी की थी, जिसमें भारत के दिग्गज ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद ने खिताब अपने नाम किया था। अब 23 साल बाद यह टूर्नामेंट फिर से भारतीय धरती पर आयोजित हो रहा है। वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन नॉकआउट फॉर्मेट में किया जाएगा, जिसमें हर राउंड में हारने वाला खिलाड़ी टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा। फिडे के मुताबिक, शीर्ष तीन खिलाड़ी सीधे 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाएंगे, जो भविष्य के वर्ल्ड चैंपियन के लिए चयन प्रक्रिया का हिस्सा होता है।

इस मेगा इवेंट में भारत के कई शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इनमें मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी. गुकेश, वर्ल्ड कप 2023 के उपविजेता आर. प्रज्ञानानंद, दुनिया के टॉप-5 खिलाड़ियों में शुमार अर्जुन एरिगैसी शामिल हैं।

## वीएस अच्युतानंदन का निधन: केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ने 101 की उम्र में ली अंतिम सांस

नई दिल्ली। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल वी.एस. अच्युतानंदन का सोमवार को निधन हो गया। 101 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। पार्टी की ओर से उनके निधन की पुष्टि की गई है। वी.एस. अच्युतानंदन बीते कई दिनों से तिरुवनंतपुरम के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे और उनका स्वास्थ्य लगातार नाजुक बना हुआ था।



उन्हें 23 जून को हार्ट अटैक आने के बाद अस्पताल में एडमिट कराया गया था। पूर्व सीएम अच्युतानंदन के निधन की खबर के बाद केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, वित्त मंत्री केएन बालगोपाल और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता अस्पताल पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, पूर्व मुख्यमंत्री श्री वी.एस. अच्युतानंदन जी के निधन से दुखी हूं। उन्होंने अपना पूरा जीवन केरल की प्रगति और जनसेवा के लिए समर्पित कर दिया। वी.एस. अच्युतानंदन का जन्म 20 अक्टूबर 1923 को अलप्पुझा जिले के पुनप्रा में हुआ था। उन्हें केरल की राजनीति का कद्दावर चेहरा माना जाता था। वह 2006 से 2011 तक राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। सामाजिक न्याय और श्रमिकों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले अच्युतानंदन CPI(M) के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। 1964 में जब कम्युनिस्ट पार्टी का विभाजन हुआ।

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

**जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने की प्रक्रिया शुरू....**

तीन महीने के भीतर जांच रिपोर्ट संसद को सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर संसद में चर्चा होगी और फिर मतदान के बाद निर्णय लिया जाएगा। हाल ही में दिल्ली में मौजूद उनके आवास से जले हुए नोट बरामद हुए थे। न्यायमूर्ति वर्मा ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। लेकिन जांच समिति की प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया है कि जिस कमरे में नकदी मिली, उस पर जज यशवंत वर्मा और उनके परिवार का सीधा या अप्रत्यक्ष नियंत्रण था। इसे गंभीर अनुशासनहीनता माना गया है। वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि इससे पहले भी 13 दिसंबर 2024 को न्यायमूर्ति शेखर यादव को हटाने के लिए राज्यसभा में ऐसा ही नोटिस दिया गया था।

**मैं विपक्ष का नेता, फिर भी मुझे....**

प्रश्नकाल दिन का पहला घंटा होता है, जिसमें सदस्य विभिन्न मंत्रालयों और विभागों से संबंधित प्रश्न उठाते हैं। उन्होंने कहा, मैं आपको प्रश्नकाल के बाद सभी मुद्दे उठाने की अनुमति दूंगा। सदन केवल नियमों के अनुसार ही चलेगा। इसमें नारेबाजी और तख्तियां लहराने की अनुमति नहीं दी जा सकती। बिरला ने कहा कि यदि सदस्य नोटिस देते हैं, तो वह उन्हें सभी मुद्दे उठाने की अनुमति देंगे और प्रत्येक सांसद को पर्याप्त समय देंगे।

**उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पद से....**

वैश्विक उत्थान और उसकी अद्भुत उपलब्धियों पर गर्व से भर जाता हूं, और उसके उज्ज्वल भविष्य में मेरी पूर्ण आस्था है। इससे पहले उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा था कि ईश्वर की कृपा रही तो वह अगस्त, 2027 में सेवानिवृत्त हो जाएंगे। 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में धनखड़ का पांच साल का कार्यकाल 10 अगस्त, 2027 को समाप्त हो रहा है। पेशे से वकील धनखड़ उपराष्ट्रपति चुने जाने से पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे।

**मोदी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक....**

आधिकारिक रूप से कोई बयान नहीं आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23-24 जुलाई को ब्रिटेन के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन की चौथी आधिकारिक यात्रा होगी। ब्रिटेन के बाद पीएम मोदी मालदीव की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे, जो 25-26 जुलाई, 2025 को होगी। प्रधानमंत्री मोदी मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मोइज्जु के आमंत्रण पर मालदीव जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की यह मालदीव की तीसरी यात्रा होगी।

**लोकल ट्रेन बम धमाका: बॉम्बे हाईकोर्ट ने सभी....**

बताया। बता दें कि 11 जुलाई 2006 को मुंबई के वेस्टर्न सबर्बन इलाके की ट्रेनों के सात कोचों में सिलसिलेवार धमाके हुए थे। खार, बांद्रा, जोगेश्वरी, माहिम, बोरीवली, माटुंगा और मीरा-भायंदर रेलवे स्टेशनों के आसपास हुए धमाकों ने लोगों को दहला दिया। 189 पैसेंजरों की मौत हो गई थी और 824 लोग घायल हो गए थे। ब्लास्ट शाम छह बजकर 24 मिनट से लेकर 6 बजकर 35 मिनट के बीच हुए थे। मामले में एंटी टेररिज़्म स्क्वॉड ने 20 जुलाई से 3 अक्टूबर 2006 के बीच कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उसी वर्ष नवंबर में आरोपियों ने अदालत को लिखित जानकारी देकर आरोप लगाया कि उनसे जबरन कबूलनामे कराए गए। मामले में दाखिल चार्जशीट में कुल 30 लोगों को आरोपी बनाया गया। 13 की पहचान पाकिस्तानी नागरिकों के रूप में हुई। करीब नौ साल की सुनवाई के बाद, स्पेशल मकोका कोर्ट ने 11 सितंबर 2015 को अपना फैसला सुनाया। इसमें 5 आरोपियों को फांसी, 7 को उम्रकैद और एक को बरी कर दिया गया था। इसके बाद, 2016 में आरोपियों ने बॉम्बे हाईकोर्ट में फैसले के खिलाफ अपील की। 2019 में सुनवाई शुरू हुई और अंतत 2025 में हाईकोर्ट ने सभी 12 दोषियों को बरी कर दिया।

**सुप्रीम कोर्ट में देंगे चुनौती, हाईकोर्ट....**

का कोई जिम्मेदार नहीं रह गया। निचली अदालत ने 12 दोषियों में से पांच को मौत की सजा और सात को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। मामले में एक व्यक्ति को बरी कर दिया गया था। इस घटना की बाद में जो विस्तृत जानकारी सामने आई थी, उसके मुताबिक 11 जुलाई को शाम करीब 6.24 बजे जब लोग मुंबई लोकल से अपने घरों को लौट रहे थे तो सात जगहों पर हुए धमाकों ने पूरे सिस्टम को हिला दिया। जांचकर्ताओं को बाद में पता चला कि उच्च क्षमता वाले आरडीएक्स और अमोनियम नाइट्रेट को प्रेशर कुकरों में भर कर ट्रेन में ले जाया गया। इन बमों में बकायदा टाइमर लगाए गए थे। मुंबई की अलग-अलग रेल लाइनों में यह धमाके 6.35 तक हुए यानी 11 मिनट तक पूरी मुंबई दहलती रही।

**चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी पर बोली ईडी....**

जांच से पता चला है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के कारण राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और अनुसूचित अपराधों के कमीशन से उत्पन्न 2500 करोड़ रुपये से अधिक की अपराध की आय (पीओसी) से लाभार्थियों की जेबें भरी गईं। ईडी जांच से पता चला है कि, चैतन्य बघेल को 16.70 करोड़ रुपये की पीओसी प्राप्त हुई थी। उन्होंने उक्त पीओसी को मिलाने के लिए अपनी रियल एस्टेट फर्मों का इस्तेमाल किया था। यह पता चला है कि उन्होंने पीओसी की उक्त नकद राशि का उपयोग अपनी रियल एस्टेट परियोजना के विकास में किया था। पीओसी का उपयोग उनकी परियोजनाओं के ठेकेदार को नकद भुगतान, नकदी के खिलाफ बैंक प्रविष्टियों आदि के माध्यम से किया गया था। उन्होंने त्रिलोक सिंह ढिल्लों के साथ भी मिलीभगत की और अपनी कंपनियों का उपयोग एक योजना तैयार करने के लिए किया, जिसके अनुसार उन्होंने त्रिलोक सिंह ढिल्लों के कर्मचारियों के नाम पर अपने विठ्ठलपुरम प्रोजेक्ट में फ्लैटों की खरीद की आड़ में अप्रत्यक्ष रूप से 5 करोड़ रुपये प्राप्त किए। बैंकिंग ट्रेल से पता चलता है कि लेनदेन की संबंधित अवधि के दौरान, त्रिलोक सिंह ढिल्लों ने अपने बैंक खातों में शराब सिंडिकेट से भुगतान प्राप्त किया था। इसके अलावा, उन पर शराब घोटाले से उत्पन्न 1000 करोड़ रुपये से अधिक के पीओसी को संभालने का भी आरोप पाया गया है। वह छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्कालीन कोषाध्यक्ष को पीओसी हस्तांतरित करने के लिए अनवर ढेबर और अन्य के साथ समन्वय करते थे। ईडी द्वारा की गई जाँच से पता चला है कि इस शराब घोटाले से प्राप्त धनराशि को आगे निवेश के लिए बघेल परिवार के प्रमुख सहयोगियों को भी सौंप दिया गया था। इस निधि के अंतिम उपयोग की आगे जाँच की जा रही है। इससे पहले, अनिल टुटेजा (पूर्व आईएएस), अरविंद सिंह, त्रिलोक सिंह ढिल्लों, अनवर ढेबर, अरुण पति त्रिपाठी (आईटीएस) और कवासी लखमा (विधायक और छत्तीसगढ़ के तत्कालीन आबकारी मंत्री) को ईडी ने इस मामले में गिरफ्तार किया था। आगे की जाँच जारी है।

**छत्तीसगढ़ कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी आज.....**

छत्तीसगढ़ की संपदा को बचाना है। रायपुर में मुंबई, कोलकाता नेशनल हाईवे पर वीआईपी चौक तेलीबांधा, बिलासपुर, रायपुर हाईवे पर सांकरा, आरंग, अभनपुर, तिल्दा, खरोरा में नाकेबंदी की जायेगी। इसी प्रकार प्रदेश के सभी शहरों में चक्का जाम नाकेबंदी होगी। बैजे ने आरोप लगाते हुए कहा कि कारोबारी अडानी छत्तीसगढ़ की संपदा को लूट रहे हैं। उसका विरोध करने वालों के यहां ईडी की छापेमारी करवाया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र की गिरफ्तारी अडानी और भाजपा की साजिश है।आर्थिक नाकाबंदी कर भाजपा सरकार के संरक्षण में अडानी की ओर से यहां की खनिज संपदा को लूटा जा रहा है उसका विरोध होगा। आम जनता से अपील है वह भी जंगल कटाई के विरोध में आयोजित इस आर्थिक नाकेबंदी में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। तानाशाही भाजपा सरकार को मुंहतोड़ जवाब दें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बैज ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की सरकार प्रदेश की जंगलों की कटाई की अनुमति देकर वन संपदा, खनिज संपदा की लूट की छूट अडानी को दी है। भाजपा सरकार के संरक्षण में हो रही जंगलों की कटाई और खनिज संपदा की लूट को रोकने के लिए पूरा प्रदेश एकजुट है। प्रदेश की खनिज संपदा को अडानी जैसे पूंजीपति ट्रकों में भरकर प्रदेश से बाहर ले जा रहे हैं इससे छत्तीसगढ़ को जो आर्थिक नुकसान हो रहा है। साथ ही यहां के पर्यावरण भी नष्ट हो रही है, आदिवासी वर्ग एवं आम जनता हसदेव एवं तमनार के हरे भरे जंगलों की कटाई के विरोध में लगातार संघर्ष कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता भी जंगलों को बचाने की मुहिम में लगे हुए हैं, लेकिन भाजपा की सरकार पुलिस तंत्रों का दुरुपयोग करके जंगल कटाई का विरोध कर रहे लोगों के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज कर रही है, उन पर लाठियां चल रही है, उनका लहू बहा रही है।

# भर्रेगांव में अवैध शराब बिक्री पर लगाम लगाने का सराहनीय प्रयास

**राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भर्रेगांव में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए समाज प्रमुखों, पंचायत परिवार और ग्रामवासियों के सहयोग से एक सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। यह गांव पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा स्पीकर, राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह के क्षेत्र में आता है।**




हाल के दिनों में स्व. चंदूलाल चंद्राकर के गृह ग्राम भर्रेगांव में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर थी। जिससे शराब तस्करों का बोलबाला था। चिंताजनक बात यह थी कि गांव के छोटे-छोटे बच्चे भी शराब के नशे की गिरफ्त में आते जा रहे थे। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्रामीणजनों, पंचायत और समाज प्रमुखों ने शराब बिक्री पर रोक लगाने और गांव में शांतिपूर्ण माहौल स्थापित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं।

### सख्त कार्रवाई और प्रोत्साहन राशि का प्रावधान

समाज प्रमुखों के आह्वान और पंचायत परिवार एवं ग्रामवासियों की तत्परता से बीते कुछ दिनों से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। ग्राम भर्रेगांव में शराब बेचने वालों को दंडित और अर्थदंड से दंडित किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि भर्रेगांव में शराब बेचने वाले से 31,000 रुपये का जुर्माना लिया जाएगा।

वहीं अवैध शराब बिक्री की सूचना देने वाले को 10,000 रुपये का इनाम दिया जाएगा। जिस समाज का व्यक्ति पकड़ा जाएगा। उस समाज के लोगों को 10,000 रुपये की राशि दी जाएगी और लगभग 10,000 रुपये की राशि पंचायत परिवार में जमा रहेगी। यह पहल गांव में अवैध शराब के खिलाफ एक मजबूत संदेश दे रही है।

### अन्य गांवों में भी अवैध शराब बिक्री पर चिंता

एक ओर जहां भर्रेगांव में अवैध शराब बिक्री पर लगाम लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं राजनांदगांव विधानसभा के अंतर्गत आने वाले अन्य स्थानों जैसे आदर्श ग्राम सुरगी, राजाराम फैक्ट्री के सामने मुख्य मार्ग पर स्थित ढाबा, बाबा महाकाल और मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ ग्राम सिंघोला में भी शराब की बिक्री जोरों पर होने की जानकारी मिली है।

इन स्थानों पर खुलेआम शराब बेचने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि ऐसे लोगों पर जिम्मेदार लोग कार्रवाई क्यों नहीं करते? जिससे शराब तस्करों के हौसले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं। यह स्थिति स्थानीय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों के लिए एक चुनौती प्रस्तुत करती है कि वे इन क्षेत्रों में भी अवैध शराब बिक्री पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाएं और सामुदायिक प्रयासों को समर्थन दें।

## देश को विकास की ओर ले जा रहे मोदी - गीता घासी साहू



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और वे भारत देश के प्रधानमंत्री पहले बने। जिनका जन्म आजादी के बाद हुआ है। ऊर्जावान, समर्पित एवं दृढ़ निश्चय वाले नरेंद्र मोदी एक अरब से अधिक भारतीयों की आकांक्षाओं और आशाओं के द्योतक हैं। मेहनती, लगनशील और जुझारू नरेंद्र मोदी करोड़ों भारतीयों की उम्मीदों का चेहरा हैं। जब से उन्होंने प्रधानमंत्री पद संभाला है, तब से देश को उस विकास की ओर ले जाने के लिए अग्रसर हैं। जहां हर देशवासी अपनी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा कर सके। प्रधानमंत्री अंत्योदय के विचार से काफी प्रेरित है।

# कारगिल विजय दिवस पर 26 को शहर में निकलेगी भव्य मोटर साइकल रैली



**डॉ. रमनसिंह, सांसद संतोष पाण्डे, महापौर मधुसूदन यादव व नीलू शर्मा होंगे शामिल**

राजनांदगांव (दावा)। सन् 1999 में 26 जुलाई को हुए कारगिल युद्ध में हमारे देश के सैनिकों को मिली शानदार विजय के उपलक्ष्य में संस्कारधानी में भव्य मोटर सायकल रैली का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे होंगे, अध्यक्षता महापौर मधुसूदन यादव द्वारा की जाएगी।

शहर के जांबाज भूतपूर्व सैनिकों द्वारा बताया गया कि इस दिन 26 जुलाई शनिवार को नया बस स्टैंड समीप स्थित गौरव स्थल में सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि के हाथों दीप प्रज्वलन होगा।

इस अवसर पर कारगिल विजय के उन सभी नायकों की साहस और बलिदान को याद किया जाएगा और उनके सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उक्त राष्ट्र भक्ति से पूर्ण कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए समस्त भूतपूर्व सैनिकों द्वारा शहरवासियों को सादर आमंत्रित किया गया है।

### 12 बजे निकलेगी भव्य मोटर साइकल रैली

भूतपूर्व सैनिकों द्वारा बताया गया कि शनिवार 26 जुलाई को नया बस स्टैंड स्थित गौरव स्थल से दीप प्रज्वलन कर निकाली जाने वाली मोटर सायकल रैली गौरव स्थल से होकर महावीर चौक, जय स्तंभ चौक, कामठी लाईन, भारत माता चौक, मानव मंदिर चौक, श्री सत्यनारायण धर्म शाला, रामाधीन मार्ग, नंदई चौक, गंज चौक, तिरंगा चौक, बंसतपुर चौक होते हुए पुनः गौरव स्थल पहुंचेगी। भूतपूर्व सैनिकों ने कारगिल विजय दिवस पर आयोजित उक्त मोटर सायकल रैली में लोगों को अधिकाधिक संख्या में भाग लेने व कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

## जय जंघेल और आरव यदु शतरंज में कर रहे केसीजी जिले का प्रतिनिधित्व



खैरागढ़ (दावा)। जिले के शतरंज खिलाड़ी आरव यदु (खैरागढ़) तथा जय जंघेल (गंडाई) ने के सी जी जिला शतरंज चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अंडर 15 राज्य शतरंज चैंपियनशिप में के सी जी जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे है। यह उपलब्धि जिले के शतरंज के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है और खिलाड़ी की कड़ी मेहनत एवं शतरंज कौशल का प्रमाण है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप 2025 का उद्घाटन दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने किया। भिलाई सेक्टर 6 स्थित अग्रसेन भवन में 17 से 20 जुलाई तक नौ चक्रों में खेली जाने वाली इस चैंपियनशिप में प्रदेश के 213 शतरंज खिलाड़ीयों (अंडर 15 बालक वर्ग में 158 और बालिका वर्ग में 55), जिनमें 50 फिडे रेटेड खिलाड़ी हैं, भाग ले रहे हैं।

केसीजी जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन का कहना है खिलाड़ीयों की इस कोशिश से जिले में शतरंज के प्रति रुचि बढ़ने की संभावना है और अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। ''हम आरव यदु तथा जय जंघेल को राज्य शतरंज चैंपियनशिप में सफलता की जिला उपाध्यक्ष शतरंज संघ केसीजी यतेंद्र जीत सिंह, जिला सचिव राकी देवांगन, जिला कोषाध्यक्ष शेख जाहिद सहित अन्य सदस्यों ने बधाई दी।

## शा. पूर्व माध्यमिक शाला दीवानभेड़ी की छात्रा निधि झुलेकर का प्रयास विद्यालय में चयन



डोंगरगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दीवानभेड़ी की निधि झुलेकर पिता भोलाराम कक्षा 8वी की होनहार छात्रा का प्रयास विद्यालय दुर्ग में चयन हुआ है। इसके अलावा राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृति के लिए भी चयन किया गया हैं। इसकी दोहरी सफलता के लिए शाला के प्रधान पाठक बंशीलाल यादव, शिक्षिका श्रीमती शशिकला कठोलिया, श्रीमती चित्ररेखा वैष्णव, शिक्षक विष्णु शर्मा ने बधाई दी है।

यह छात्रा शुरू से मेधावी रही है। शाला के इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव आर.एल.पात्रे ने शाला के शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में और अधिक मेहनत करके ज्यादा से ज्यादा बच्चों को इनका लाभ मिल सके।

# माध्यमिक शाला बघेरा में 'एक पेड़ मां के नाम' 2.0 अभियान का सफल आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। जिले के संकुल केंद्र बघेरा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बघेरा में आज 'मिशन लाइफ' के अंतर्गत चल रहे 'एक पेड़ मां के नाम' 2.0 कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस पौधारोपण अभियान में राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और बच्चों के साथ मिलकर पौधे लगाए।

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के सहायक संचालक डॉ. एम. सुधीश और एपीसी राजकुमार चाफेकर के कर-कमलों से शाला प्रांगण में पौधारोपण का कार्य संपन्न हुआ। जिला स्तर से जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा राजनांदगांव के जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहरे, एपीसी रफीक अंसारी, जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा दुर्ग के एपीसी विवेक शर्मा और विकासखंड राजनांदगांव के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भगत सिंह ठाकुर ने भी पौधारोपण में भाग लिया। इस अवसर पर शाला के छात्रों ने भी अपनी माताओं के नाम से पौधे लगाए। जिसमें उनकी माताएं भी उपस्थित रहीं। पूर्व में भी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के छात्रों द्वारा अपने घरों में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें शाला में दर्ज संख्या से भी अधिक पौधे लगाए गए थे। माध्यमिक शाला बघेरा के छात्र/छात्राएं, शिक्षक और पालक इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पौधारोपण कार्यक्रम में जाम, जामुन, करंज, गुलमोहर, और अशोक के पौधे लगाए गए। पौधारोपण के बाद, राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों ने शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने साइंस, आर्ट और गणित कॉर्नर का अवलोकन किया और बच्चों द्वारा बनाए गए टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) का प्रस्तुतीकरण देखा। अधिकारियों ने बच्चों और शिक्षकों के कार्य की अत्यंत सराहना की। वे स्मार्ट क्लास, पौधों में क्यूआर कोड के उपयोग और शाला की समस्त गतिविधियों से प्रभावित हुए। इस महत्वपूर्ण अवसर पर संकुल केंद्र बघेरा के संकुल समन्वयक गुफरान मोहम्मद सिद्दीकी, शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मधुलिका विश्वकर्मा, प्रीति शर्मा, सुनीता ठाकुर और संजीव कुमार जांगड़े उपस्थित रहे। इनके साथ ग्राम बघेरा की सरपंच ऐश्वर्या देशमुख, हायर सेकेंडरी स्कूल के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दुर्जन लाल देवांगन, माध्यमिक शाला बघेरा के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नेमबाई साहू, उपाध्यक्ष सरिता मंडावी और समस्त सदस्य भी उपस्थित थे। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक अलेन वर्मा, दीप्ति साहू, हिना साहू और कल्पना रामटेके ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह आयोजन 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को सफल बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और छात्रों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में सहायक है।

## किसानों का फूटा गुस्सा : खाद की किल्लत पर, छुईखदान-कवर्धा मार्ग पर चक्काजाम, डेढ़ घंटे बाधित रहा यातायात



**सैकड़ों किसान सड़क पर उतरे, जिला पंचायत सदस्य व पुलिस की समझाइश के बाद खत्म हुआ प्रदर्शन**

खैरागढ़/छुईखदान (दावा)। गोपालपुर सहकारी समिति में खाद की गंभीर किल्लत को लेकर सोमवार को किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में एकत्रित किसानों ने छुईखदान-कवर्धा मुख्य मार्ग को जाम कर नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया, जिससे क्षेत्र में करीब डेढ़ घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा।

प्रदर्शन दोपहर करीब 3 बजे शुरू हुआ, जो 4.30 बजे तक चला। किसानों का कहना था कि लगातार मांग के बावजूद खाद उपलब्ध नहीं कराया गया, जिससे बोनी प्रभावित हो रही है। सड़क पर बैठे किसानों ने प्रशासन और सहकारी समिति के खिलाफ तीखे नारे लगाए।

इस बीच, प्रदर्शन की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मिलते ही जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि व कांग्रेस नेता विजय वर्मा मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से बात कर जल्द खाद वितरण की व्यवस्था का आश्वासन दिया। उनके साथ-साथ मौके पर पहुंची छुईखदान पुलिस ने भी स्थिति को नियंत्रित करते हुए किसानों को शांत कराया और यातायात व्यवस्था बहाल कराई।

ग्रामीण क्षेत्रों में मानसून सक्रिय होते ही बोनी का कार्य तेजी से चल रहा है, ऐसे में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# दुर्घटना में मृत रेल कर्मचारी के परिवार को मिली एक करोड़ की सहायता राशि



**○ रेल प्रबंधक दीपक गुप्ता व मंडल कार्मिक अधिकारी उदय कुमार भारती के विशेष प्रयासों से यह संभव हो पाया**
**○ बैंक अधिकारियों ने रेल कर्मचारियों को आरएसपी योजना में खाता खोलने की सलाह दी**

डोंगरगढ़ (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे डोंगरगढ़ में ट्रैकमैन के पद पर सेवारत रहे रेल कर्मचारी रविशंकर की कार्य के दौरान मृत्यु पश्चात उनके रेलवे सैलरी पैकेज में होने के फलस्वरुप उनके परिवार को भारतीय स्टेट बैंक की शाखा डोंगरगढ़ की ओर से एक करोड रुपए का चेक प्रदान किया गया। इस कार्य में स्टेट बैंक के रीजनल मैनेजर रूपक कुमार मंडल, शाखा प्रबंधक अभिषेक सिंह, सहायक शाखा प्रबंधक मनीषिका मिश्रा, अजय डोंगरे, अमन डोंगरे, रेलवे से मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि तेजा व वरिष्ठ सहायक मंडल अभियंता ऋषभ यादव सहित सभी विभागों के प्रमुख एवं रेल कर्मचारी उपस्थित थे। रेल कर्मचारियों की रेल दुर्घटना के पश्चात मंडल रेल प्रबंधक दीपक गुप्ता तथा मंडल कार्मिक अधिकारी उदय कुमार भारती के विशेष प्रयासों से यह कार्य संपन्न हुआ।

बैंक अधिकारियों ने बैंक की अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी तथा सभी रेल कर्मचारियों को आरएसपी योजना में खाता खोलने की सलाह दी। ऋषभ यादव सहायक मंडल अभियंता व देवेंद्र कुमार साखरे मुख्य कल्याण निरीक्षक ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया तथा उन्होंने बताया कि शीघ्र ही रेल कर्मचारियों के लिए इस संबंध में सेमिनार का आयोजन भी किया जाएगा। डोंगरगढ़ में कार्यरत लगभग 1600 कर्मचारी में यह प्रथम अवसर था कि दुर्घटना में मृत कर्मचारियों के परिवार को इतनी बड़ी राशि प्राप्त हुई। कार्यक्रम का संचालन मुख्य कल्याण निरीक्षक देवेंद्र साखरे ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रेलवे के सभी विभागों के प्रमुख उपस्थित थे।

## गायत्री विद्या मंदिर में पर्यावरण जागरुकता रैली निकाली गई




राजनांदगांव (दावा)। गायत्री विद्या मंदिर में पर्यावरण दिवस मनाया गया। बच्चों ने पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान बच्चे हाथों में स्लोगन लिखे तख्ती थामे थे और संदेश दे रहे थे 'पर्यावरण बचाना है, पेड़ लगाना है' बच्चे नारे लगाते हुए कंचनबाग कालोनी में भ्रमण किये। शाला में पर्यावरण से संबंधित कार्यक्रम, गीत, कविता, नाटक, भाषण आदि का आयोजन किया गया। कक्षा आठवीं की बालिकाओं ने गीत के माध्यम से संदेश दिया कि 'पर्यावरण से है जीवन इसे अपना दोस्त बनाना है'। गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष सर बृजकिशोर सुरजन, सचिव गगन लड्डा एवं अन्य पदाधिकारियों ने इस जागरूकता रैली की विशेष सराहना की। शाला की प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उप प्राचार्य श्रीमती तामेश्वर साहू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी।

# डॉ. रमन सिंह ने कराई कार्यों की बारिश लहराएगी विकास की फसल - रविन्द्र रामटेके

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र रामटेके ने कहा है कि क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने क्षेत्र विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव सरकार से 63 करोड़ से ज्यादा की स्वीकृति दिलाई है। इससे क्षेत्र का भरपूर विकास हो सकेगा और लोगों को सुविधाएं भी मिलेगी।

श्री रामटेके ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ रमन सिंह के अथक प्रयासों से राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के नगर क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं मुख्यमंत्री नगरोदय योजना के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे क्षेत्र की अधोसंरचना सुदृढ़ होगी और नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं प्राप्त होगी। यह जानकारी प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा विधायक डॉ. रमन सिंह को पत्र के माध्यम से दी गई है। स्वीकृत योजनाओं में मुख्य रूप से राजनांदगांव नगर



**कहा - करोड़ों की मंजूरी से होंगे कई विकास निर्माण कार्य**

पालिका परिषद, नगरीय क्षेत्रांतर्गत में शामिल है। इन कार्यों में 19 करोड़ 96 लाख से अधिक की लागत से स्टेट स्कूल परिसर में 2000 सीटर ऑडिटोरियम निर्माण, 14 करोड़ 69 लाख की लागत से गंज चौक से कन्हापुरी तक सड़क चौड़ीकरण, 11 करोड़ 42 लाख की लागत से सेंट्रल लाइब्रेरी एवं रीडिंग जोन परिसर (500 सीटर) निर्माण, 6 करोड़ 58 लाख की लागत से मोहरा फिल्टर प्लांट से गंज चौक एवं नंदई चौक से इंदिरा टंकी तक 600 एमएम राईजिंग मेन पाइप लाइन विस्तार कार्य, 5 करोड़ की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर में नाली, रोड, लाइट एवं पानी की व्यवस्था, 2 करोड़ की लागत से पेंड्री मुक्तिधाम से अस्पताल तक सड़क, 3 करोड़ 50 लाख की लागत से नारकन्धर नाला से जिला अस्पताल तक नाला निर्माण, 50 लाख की लागत से ऑडिटोरियम की मरम्मत कार्य शामिल है। इस प्रकार कुल 63 करोड़ 65 लाख से अधिक के विकास कार्यों को राजनंदगांव में स्वीकृति मिली है।

# धान पैडी ट्रांसप्लांटर से चोहलदास साहू को मिली राहत, मेहनत और समय की बचत



**○ धान पैडी ट्रान्सप्लांटर के लिए 4 लाख 10 हजार रूपए का अनुदान प्राप्त**
**○ शासन द्वारा कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन अंतर्गत किसानों को कृषि उपकरण खरीदने के लिए 3 करोड़ 31 लाख 48 हजार रूपए का अनुदार दिया**

राजनांदगांव (दावा)। कृषि के खेती किसानी की नवीनतम तकनीक एवं आधुनिक यंत्रों ने कृषि कार्यों को आसान बना दिया है। धान पैडी ट्रान्सप्लांटर मशीन से मेहनतकश किसानों के श्रम एवं समय की बचत हो रही है। इस मशीन के माध्यम से निर्धारित दूरी पर रोपा लगाने का कार्य बहुत सरल हो गया है।

रोपा लगाने का कार्य श्रममाध्य है और समय भी बहुत लगता है। ऐसे में धान पैडी ट्रान्सप्लांटर मशीन किसानों के लिए वरदान से कम नहीं है। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम केसला के प्रगतिशील किसान चोहलदास साहू के लिए धान पैडी ट्रान्सप्लांटर मशीन बहुत उपयोगी साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि शासन की योजना अंतर्गत कृषि विभाग के तहत छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड से धान पैडी ट्रान्सप्लांटर के लिए कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन के तहत 4 लाख 10 हजार रूपए का अनुदान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि मशीन की कुल लागत 9 लाख रूपए है। उन्होंने कहा कि इस मशीन से रोपा लगाने का कार्य आसान हो गया है।

प्रगतिशील किसान चोहलदास साहू ने बताया कि उनके पास 10 एकड़ जमीन है। धान पैडी ट्रान्सप्लांटर से रोपा लगाने में मेहनत एवं समय की बचत हुई तथा फसल के उत्पादन में वृद्धि हुई है। रोपा लगाने में कृषि लागत में भी कमी आई है। एक ही दिन में 4 एकड़ तक भूमि में रोपा लग जाता है, जिससे खुशी होती है। थरहा को लाने ले जाने में भी सुविधा मिलती है। उन्होंने बताया कि मशीन से थरहा लगाने पर घना लगता है और पौधों का विकास भी अच्छा होता है। मशीन से निर्धारित दूरी पर रोपा लगने से बीमारी भी कम होती है और पौधों का अच्छा विकास हो जाता है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। शासन की किसानहितैषी योजनाओं से किसानों को बहुत फायदा हो रहा है। जिससे वे नये कृषि यंत्रों को खरीदने के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि मशीन से रोपा लगाने पर प्रति एकड़ 31 क्विंटल धान का उत्पादन हो रहा है। इसके अलावा वे पैडी ट्रान्सप्लांटर से अन्य किसानों के लिए भी प्रति वर्ष लगभग 40 एकड़ भूमि में किराए से रोपा लगा रहे है। प्रति एकड़ 3 हजार 500 रूपए की दर से किराए पर रोपा लगाने पर लगभग 1 लाख 20 हजार रूपए की अतिरिक्त आय हुई है।

जिले के किसान शासन की योजनाओं के तहत कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन अंतर्गत आधुनिक कृषि यंत्र ट्रेक्टर, थ्रेसर, हार्वेस्टर, हैप्पी सीडर, स्प्रेयर, राईस ट्रायर, स्ट्रा बेलर, लेजर लैंड लेवलर, रोटावेटर, मल्चर, स्ट्रॉ रीपर, पैडी मल्टीक्रॉप थ्रेसर, सीड ड्रिल, सीड कम फर्टिलाईजर ड्रिल, कल्टीवेटर, एमबी प्लाऊ, लेवलर, केजव्हील, रीजरे, बंड फारमर, हैरो, चिसल प्लाऊ, जीरो टिल सीड ड्रिल, शक्ति चलित विनोविंग फेन, पॉवर टिलर, कम्बाईन हार्वेस्टर, ड्रोन से कीटनाशक छिड़काव जैसे कृषि यंत्र के माध्यम से किसान लाभान्वित हो रहे हैं और कृषि यंत्र एवं उपकरण खरीद रहे हैं। शासन द्वारा कृषि यंत्रों को खरीदने के लिए सब्सिडी प्रदान की जा रही है। जिससे किसानों को बहुत मदद मिल रही है। शासन द्वारा कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन अंतर्गत वर्ष 2024-25 में किसानों को कृषि उपकरण खरीदने के लिए 3 करोड़ 31 लाख 48 हजार रूपए का अनुदान दिया गया।

# लहराते तिरंगों और भक्ति के जोश में निकली सिंदूर तिरंगा कांवड़ यात्रा



## डॉ. रमन सिंह व मधुसूदन यादव के साथ कांवड यात्रियों ने गाया राष्ट्रगान

राजनांदगांव (दावा)। द्वितीय सावन सोमवार को राजनांदगांव में श्री बागेश्वर धाम मंदिर से एक अनूठी सिंदूर तिरंगा कांवड़ यात्रा निकली, जिसमें शिवभक्ति और राष्ट्रप्रेम का अद्भुत संगम देखने को मिला। 'बोलबम' के जयकारों और राष्ट्रगान की गूंज के साथ निकली इस यात्रा ने पूरे वातावरण को शिवमय और देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। यात्रा में श्री बागेश्वर धाम सेवक पंकज गुप्ता, सूरज गुप्ता, विजय गुप्ता, मयंक शर्मा, और सौरभ खंडेलवाल प्रमुख रूप से शामिल रहे। सोहनलाल गुप्ता (संरक्षक), भावेश अग्रवाल, राजेश शर्मा (पूर्व सैनिक), राकेश ठाकुर (शनिधाम) जैसे आयोजकों के साथ-साथ नीरज बाजपेयी (इंटरनेशनल स्कूल के संचालक), सुमन गुप्ता (कसौंधन वैश्य प्रदेश महिला अध्यक्ष) और विजय शर्मा (गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष) सहित अनेक सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

कांवड़ यात्री अपने हाथों में पारंपरिक कांवड़ के साथ-साथ शान से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लिए हुए थे। यात्रा के आगे बजते डीजे पर शिव भजनों के साथ-साथ देशभक्ति गीत भी बज रहे थे। जिससे संपूर्ण माहौल में एक विशेष ऊर्जा का संचार हो रहा था। कांवड़ यात्रियों के पीछे एक आकर्षक झांकी भी थी। जिसमें भगवान शिव को तिरंगा लहराते हुए और भारतीय सेना के तीनों अंगों- थलसेना, जलसेना, वायुसेना के जवानों को चित्रित किया गया था। इस झांकी को तिरंगों से सजाया गया था और सौरभ गुप्ता व प्रतीक गुप्ता द्वारा संचालित किया जा रहा था।

### डॉ. रमन सिंह ने किया स्वागत, राष्ट्रगान में हुए शामिल

नंदई चौक पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने महापौर मधुसूदन यादव, कोमल सिंह राजपूत और पार्षदों सहित पुष्पवर्षा कर कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर शिवभक्ति और राष्ट्रभक्ति को समर्पित इस कांवड़ यात्रा में डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, शैंकी बग्गा, पंकज गुप्ता, श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता और अन्य उपस्थित संस्कारधानी वासियों ने मिलकर राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' का गायन किया। जिसने सभी को भावुक कर दिया।


### महाआरती और वंदे मातरम के साथ हुआ यात्रा का समापन

यात्रा श्री बागेश्वर धाम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई, जहाँ कांवड़ यात्रियों ने भगवान बागेश्वर शिव को जल अर्पित किया। इसके बाद महाआरती की गई और राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के साथ इस कांवड़ यात्रा को अगली सनातन प्रभु श्रीराम-हनुमान कांवड़ यात्रा तक विराम दिया गया। श्री बागेश्वर धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवक अजय गुप्ता ने बताया कि तीसरी सनातन धर्म प्रभु श्रीराम-हनुमान कांवड़ यात्रा 28 जुलाई को आयोजित की जाएगी। उन्होंने संस्कारधानी के सभी सनातनी शिवभक्तों से इस यात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।





















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com